




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 189 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 23 अप्रैल 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### एक वादा है - सफर जारी है और जारी रहेगा

जीवनसंगिनी से जुड़ाव जीवन भर का होता है, इसे मैंने पग-पग पर महसूस किया है। संभवत: इसीलिए भारत में विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। सात जन्म से सहमति है पर इसे बंधन कैसे कहें? यह तो एक रिश्ता है जो जन्म जन्मांतर के लिए जुड़ जाता है। क्या पता यह रिश्ता पूर्व जन्म से चला आ रहा हो। इसलिए रजनी मेरे साथ थी और है। वह आज होती तो 55 साल की होती। पर ईश्वर को शायद यह मंजूर नहीं था। इसलिए जुलाई 2012 में उन्होंने रजनी को हमसे जुदा कर दिया. पर यह जुदाई केवल बाह्य दुनिया के लिए थी। लगातार संघर्ष करने का जो माद्दा उनमें था, वही आज भी हमारी, हमारे बच्चों की थाती है। नित नई चुनौतियों को स्वीकार करना, लक्ष्य को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम करना हमने उनसे ही सीखा और इसे अपने जीवन का मूलमंत्र मानकर गांठ बांध ली। इसी का नतीजा है कि एक छोटे से कमरे में चार साथियों के साथ शुरू किया श्रीकंचनपथ आज मीडिया हाउस के रूप में आपके सामने है। इस दौरान हमने बहुआयामी प्रयास किए। नए-नए कांसेप्ट पर काम करना शुरू किया और हमें सफलता भी मिली। पर इन प्रयासों के पीछे न केवल रजनी सबसे बड़ी प्रेरक बनकर डटी रही बल्कि समय-समय पर अपने तरीके से हमें नई दिशा भी दिखाई। किसी भी पिता का सबसे बड़ा सपना अपनी बिटिया के हाथ पीले करना, उसका घर बसाना और पुत्र को अपने पैरों पर खड़ा देखना होता है. एक संस्था के रूप में उसके सभी सदस्य भी विस्तृत परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। हमें खुशी है कि रजनी की प्रेरणा और प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग के चलते आज इन सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सफल रहा। आज श्रीकंचनपथ मीडिया हाउस पूरे प्रदेश में एक जाना पहचाना नाम है। हम मीडिया से जुड़े सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहे हैं।

- राजेश अग्रवाल

# शातिर चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, अलग अलग मामलों में 8 आरोपी गिरफ्तार, गैंग में महिलाएं व नाबालिग शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग पुलिस ने जिले में मेला स्थलों व सूने मकान व दुकान में चोरी के करने वाले दो गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली है। जामगांव आर, अंडा, नेवई, उतई आदि थाना क्षेत्रों में हुई लगभग 10 चोरियों का खुलासा पुलिस ने किया है। इनमें से एक गिरोह धार्मिक सभा स्थलों व मेला स्थलों पर भीड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेव व पर्स काटते थे। वहीं दूसरा गिरोह सूने मकान व दुकानों को निशाना बनाता था। पुलिस ने तीन नाबालिग सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक गिरोह में तो तीन महिलाएं शामिल हैं।



उक्त सभी मामलों का रविवार को दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने खुलासा किया है। उक्त सभी मामलों में अकेले जामगांव आर में 3 चोरी के मामले दर्ज हुए। इसके अलावा उतई में 6 मामले तथा अंडा व नेवई में एक-एक मामला दर्ज था। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसपी पल्लव ने संबंधित थानों को विशेष निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस व एसीसीयू की टीमें चोरों की तलाश में लगी रही।

### नाबालिगों के साथ सूने मकानों को बनाता था निशाना

पतासाजी के दौरान पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर दो संदेहियों को हिरासत में लिया। रजवाड़ा भवन मोरा निवासी तिलेश्वर जांगड़े ने बताया कि वह अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ सूने मकानों व दुकानों को निशाना बनाता है। इनके द्वारा उतई, अंडा व नेवई थाना क्षेत्र में करीब 7 अलग अलग जगह चोरियां की। आरोपियों के पास से लगभग 3 लाख रुपए का मशरुका बरामद किया गया।

### पाटन क्षेत्र में आयोजति कर्मा जयंती कार्यक्रम में चोरी एक दिन में तीन महिलाओं के बैग से चेन व पर्स चोरी

दुर्ग पुलिस ने जामगांव आर क्षेत्र में कर्मा जयंती कार्यक्रम के दौरान तीन चोरियों में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। 21 अप्रैल को हुए कार्यक्रम में अलग अलग तीन महिलाओं चेन व अन्य सामग्री चोरी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। इस बीच मुखबिर की सूचना पर अकलतरा निवासी सुरेन्द्र पुरहोले उसकी पत्नी रनियां पुरहोले, झलमला पामगढ़ निवासी संत कुमारी व आमा पारा रायपुर निवासी सरला साहू को हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में सभी जामगांव आर के उक्त कार्यक्रम में चोरी करना बताया। इनके पास चोरी गई मशरूका सोने की चैन एवं आर्टिफिसयल ज्वेलरी जुमला कीमती लगभग 70 हजार व घटना में प्रयुक्त कार जब्त किया गया है। इस गिरोह की खासबात यह है कि यह लोग एक वाट्सग्रुप के जरिए जुड़े थे और रोज कार्यक्रमों को लिस्ट करते थे ताकि वहां जाकर चोरी की घटना को अंजाम दे सके। इनके निशाने पर 25 अप्रैल से होने वाला पंडित प्रदीम मिश्रा का कार्यक्रम भी जिसकी यह लोग प्लानिंग कर चुके थे।

# खालिस्तानी समर्थक भगौड़ा अमृतपाल गिरफ्तार, 36 दिन से काट रहा था फरारी

■ पंजाब पुलिस ने गुरुद्वारे से पकड़ा, भेजे गए डिब्रूगढ़ जेल

**नईदिल्ली।** खालिस्तान समर्थक भगोड़ा अमृतपाल आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। अमृतपाल पिछले 36 दिनों से पुलिस की आंख में धूल झोंककर फरारी काट रहा था। मोगा पुलिस ने रोड़ेवाल गुरुद्वारे से अमृतपाल को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस की ओर से ट्वीट कर इसकी जानकारी दी गई है। पुलिस ने उसके साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया है। वहीं अमृतपाल के खिलाफभी एनएसए लगाया गया है। अमृतपाल को भी डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया।

बता दें अपराध दर्ज होने के बाद खालीस्थानी समर्थक अमृतपाल को पंजाब पुलिस 8 राज्यों में उसकी तलाश कर रही थी। चुस्त नाकाबंदी, वाहनों की चेकिंग और लगातार पेट्रोलिंग के बाद भी वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। दरअसल, पुलिस से बचने में उसकी हर कदम पर मदद की जा रही थी। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसकी कदम कदम पर मदद करने वालों का भी पता लगाया जा रहा है। इसमें अमृतपाल की पत्नी भी शामिल है।



पहले कहा जा रहा था कि अमृतपाल सिंह ने मोगा पुलिस के सामने देर रात सरेंडर किया है, लेकिन बाद में पंजाब पुलिस ने बताया कि अमृतपाल को गिरफ्तार किया गया है। उसे मोगा के रोड़ेवाल गुरुद्वारे से पकड़ा गया है, जहां उसे पुलिस उसे अमृतसर ले गई है। अमृतपाल को पंजाब पुलिस असम के डिब्रूगढ़ लेकर निकल गई है। उसे बठिंडा एयरपोर्ट से स्पेशल प्लेन से डिब्रूगढ़ ले जाया जा रहा है। इधर पंजाब पुलिस की ओर से ट्वीट कर कहा गया कि अमृतपाल सिंह को पंजाब के मोगा से गिरफ्तार कर लिया गया है. पंजाब पुलिस आगे की जानकारी बाद में शेयर करेगी। पंजाब पुलिस ने लोगों से अपील भी की है कि किसी भी तरह की अफ्वाह फैलाने से बचें।

# मध्यप्रदेश के बालाघाट में छत्तीसगढ़ की दो महिला नक्सली ढेर, मुठभेड़ में जवानों ने मार गिराया

■ महाराष्ट्र, एमपी बॉर्डर पर थी दोनों महिला नक्सली सक्रिय, भारी मात्रा में हथियार बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिल में शनिवार तड़के पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया। जिस जगह मुठभेड़ हुई वह मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ का बॉर्डर एरिया है। मृत महिला नक्सलियों की पहचान सुनीता और सरिता के रूप में हुई है। दोनों महिला नक्सलियों पर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ मे कुल 28 लाख रुपए का इनाम घोषित था।



मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगल में शनिवार तड़के लगभग 3 बजे पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने 2 महिला नक्सलियों सुनीता और सरिता को ढेर कर दिया। मौके पर कई हथियार समेत अन्य विस्फोटक सामान भी बरामद किया गया था। मृत महिला नक्सलियों का नाम जगरगुडा सुकुमा निवासी सुनीता उर्फसोमड़ी मंडावी और चिंतलनार निवासी सरिता उर्फ बिज्जे है। सुनीता छत्तीसगढ़ में हुई 5 बड़ी वारदातों में शामिल रहीं। वहीं सरीता छत्तीसगढ़ में दो बड़ी वारदातों में शामिल रही।

# सीजी कोरोना : सक्रिय मरीजों की संख्या 3000 के पार, पॉजिटिविटी दर बढ़कर 13 फीसदी के पार

■ रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा में सबसे ज्यादा एक्टिव केस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामले शनिवार को अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहे। प्रदेश में सैंपलों की जांच में आई कमी के कारण आंकड़ा घटा है। शनिवार को छत्तीसगढ़ में कुल 1979 सैंपलों की जांच की गई जिसमें 259 नए मरीज मिले हैं। इस दौरान संक्रमण दर में भारी बढ़ोत्तरी देखी गई।

शनिवार को छत्तीसगढ़ का पाजिटिविटी दर 13.09 प्रतिशत रहा जो अब तक का सर्वाधिक है। इसके साथ ही अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3084 पहुंच गई है।



बीते 24 घंटों में प्रदेश के 22 जिलों में संक्रमित मरीज मिले हैं। शेष जिलों में कोई केस नहीं है। फिलहाल रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा में सबसे ज्यादा एक्टिव केस हैं। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा संख्या 34 मरीज सरगुजा से सामने आए हैं। दयके अलावा रायगढ़ में 31 मरीज, दुर्ग व बिलासपुर में 30-30, बलौदा बाजार में 23, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही में 19, राजनांदगांव में 15, रायपुर से 11, महासमुंद में 10,कांकेर में 9, कोरिया में 8, दंतेवाड़ा, बालोद, धमतरी व बस्तर में 5-5, कोरबा में 4, सूरजपुर, बलरामपुर, जांजगीर-चांपा व जशपुर जिले में 3-3,कबीरधाम में 2 और नारायणपुर में 1 मरीज की पुष्टि हुई है। इस बीच 450 मरीजों को डिस्चार्ज भी किया गया। इनमें एक अस्पताल में भर्ती था।

स्वास्थ्य विभाग ने छत्तीसगढ़ में लोगों से अपील की है कि लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर आरटीपीसीआर टेस्ट जरूर कराएं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य केन्द्रों में टेस्टिंग बढ़ाने के भी निर्देश भी दिए हैं।

## पुण्य स्मरण....





श्रीकंचनपथ की संस्थापक-संपादक

### स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

जन्म : 23 अप्रैल 1968 निर्वाण: 25 जुलाई 2012

का जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व आज इस समाचार पत्र के माध्यम से हम सबके बीच विद्यमान है। रचनाधर्मिता को ही अपना जीवन और आजीविका मानने वाली हमारी पथप्रदर्शक स्व. श्रीमती रजनी कहती थीं, ठहरा हुआ तो पानी भी खराब हो जाता है। हमें निरंतर कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। पहले किसी ने नहीं किया, किसी ने ऐसा नहीं सोचा - यह उक्ति भय नहीं प्रेरणा का स्रोत है। यदि हम किसी क्षेत्र में नई पहल करते हैं तो उसकी सफलता की संभावना ही अधिक होती है। श्रीकंचनपथ परिवार (मीडिया हाऊस) ने हमेशा इस बात का ध्यान रखा है और आगे भी रखता रहेगा। चौदह वर्षों की हमारी यात्रा इस बात का गवाह है कि प्रत्येक नई पहल का पाठकों, शुभचिन्तकों और सहयोगियों ने हमेशा स्वागत किया और नई राहें निकलती चली गईं।

**आज उनकी जयंती पर उनका पुण्यस्मरण करते हुए श्रीकंचनपथ परिवार (मीडिया हाऊस) उनके आगे श्रद्धावनत् है...**

### स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल जी

को उनकी

**जयंती** पर पुण्य स्मरण....

श्रीकंचनपथ | Harsh Media Advertisers | SHREE KP NEWS




## संपादकीय

### ताकत बने आबादी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के मुताबिक इस साल जून तक भारत की आबादी चीन से 29 लाख अधिक हो जायेगी। यूं तो सिमटते संसाधनों में आबादी का बढ़ना कोई अच्छी बात नहीं है, लेकिन हमारे लिये यह सुखद है कि यहां दुनिया की सबसे अधिक युवा कार्यशील आबादी देश में मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में कार्यशील माने जाने वाले 15-64 आयुवर्ग की 68 फीसदी आबादी है। जबकि चीन में साठ साल से अधिक आबादी साठ फीसदी है। कुल मिलाकर नब्बे के दशक में जिस युवा आबादी के बूते चीन दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, वैसे ही अवसर व हालात अब भारत के पक्ष में हैं। लेकिन हमारी बढ़ी आबादी तभी वरदान बन सकती है जब हम जनसंख्या लाभांश की क्षमता का दोहन करते हुए नये रोजगार के अवसर विकसित करें। जैसी दलील चीन ने अपनी गुणवत्तापूर्ण व प्रशिक्षित आबादी की बढ़त के रूप में दी है, उसका निष्कर्ष भी यही है कि जनसंख्या का लाभ न केवल संख्या पर निर्भर करता है बल्कि इसके लिए गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण कारक है। ऐसे में आर्थिक स्थिरता के लिये बड़े पैमाने पर कौशल उन्नयन को बढ़ावा देना होगा। हमारे सामने शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट, बेरोजगारी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणात्मक अभाव की चुनौती है। पर्याप्त नवाचार का अभाव हमारी विकास दर को धीमा कर देता है। व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता में कमी रोजगार के विकल्पों को कम करती है। जिसके चलते वैश्विक बाजार में दखल बनाने के मौके को हम गवां देते हैं। यदि नीति नियंता इस दिशा में गंभीर नहीं होते हैं तो बढ़ी आबादी बोझ भी बन सकती है। विकास गाथा को समावेशी बनाने के लिये देश के करीब डेढ़ अरब लोगों को साझेदारी करनी होगी। निस्संदेह, सबसे बड़ी व युवा आबादी वाले देश में दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था को हम सुनहरे अवसर में बदल सकते हैं। वर्ष 2055 तक कामकाजी आबादी की बढ़त जारी रहने से हम इस मौके का लाभ ले सकते हैं। दरअसल, यह वक्त बढ़ी आबादी को अपनी ताकत बनाने का है। हम आबादी नियंत्रण के सख्त उपाय भारत जैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नहीं अपना सकते। वैसे भी माओ काल तथा उसके उपरांत भी सिंगल चाइल्ड पॉलिसी की सख्त नीति से चीन की आबादी में जो गिरावट शुरू हुई, उससे चीन फिर उबर नहीं पाया है। इस नीति को खत्म करने तथा ज्यादा बच्चों के लिये प्रेरित करने के बावजूद लोगों का इससे मोहभंग हो गया। जिसके दूरगामी परिणाम चीन की अर्थव्यवस्था में नजर आएंगे। मजदूरी बढ़ने से चीन के निर्यात अब महंगे होने लगे हैं। बहरहाल, जिस युवा आबादी के बूते चीन ने आर्थिक तरक्की की इबारत लिखी, वह मौका हमारे पास है। बशर्ते जाति-धर्म की राजनीति करने वाले नेता बाज आएं और डेढ़ अरब की आबादी के जरिये एक राष्ट्र के रूप में विकास की नई इबारत लिखें। हमारी आबादी में 35 साल से कम उम्र की 66 फीसदी आबादी देश की तरक्की की तस्वीर बदल सकती है। देश में बड़ा घरेलू बाजार हमारी ताकत है और हम विदेश निवेश को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की प्राणवायु बना सकते हैं। साथ ही देश में तेजी से उभरता मध्यम वर्ग भी हमारी ताकत है। सस्ती मजदूरी हमारे औद्योगिक विकास की दर को नये आयाम दे सकती है। इसके अलावा देश के व्यापक कृषि क्षेत्र को नये आयाम देकर इससे जुड़ी पचास फीसदी से अधिक आबादी को देश की ताकत बना सकते हैं। जरूरत इस बात की है कि उद्योगों का विकेंद्रीयकरण करके उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किया जाये। इससे जहां कृषि अवयवों के उद्योगों में उपयोग किये जाने से किसानों की आय बढ़ेगी, वहीं गांवों से शहरों की ओर तेजी से बढ़ता पलायन भी रुकेगा। देश की जीडीपी में फिलहाल अट्ठारह फीसदी योगदान देने वाले कृषि क्षेत्र से प्राप्त हिस्से में वृद्धि से देश की आर्थिकी को नई दिशा मिल सकती है। लेकिन यहां उल्लेख करना जरूरी होगा कि जहां चीन की श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी 61 फीसदी है, वहीं भारत में यह महज बीस फीसदी है। भारत को कम से कम वैश्विक औसत 47 फीसदी के करीब तो आना होगा। आज जरूरत देश की श्रमशक्ति को ताकत बनाने की है।

> “ हम आबादी नियंत्रण के सख्त उपाय भारत जैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नहीं अपना सकते। वैसे भी माओ काल तथा उसके उपरांत भी सिंगल चाइल्ड पॉलिसी की सख्त नीति से चीन की आबादी में जो गिरावट शुरू हुई, उससे चीन फिर उबर नहीं पाया है। इस नीति को खत्म करने तथा ज्यादा बच्चों के लिये प्रेरित करने के बावजूद लोगों का इससे मोहभंग हो गया। जिसके दूरगामी परिणाम चीन की अर्थव्यवस्था में नजर आएंगे। मजदूरी बढ़ने से चीन के निर्यात अब महंगे होने लगे हैं।

### एक फिजूल की बहस

एक तरफ समलैंगिक विवाह का समर्थन प्रगतिशील दिखने का एक आसान रास्ता है, वहीं इसका विरोध एक मजहबी सोच वाले समाज में परंपरावादी खेमों के बीच अपना नैतिक भाव बढ़ाने का जरिया साबित होता है। समलैंगिक विवाह का मसला एक अत्यधिक और संभवत: जरूरत से ज्यादा महत्त्व पाने वाला विषय है। इसकी एक वजह संभवत: इससे जुड़ा यौन का पक्ष होता है, जिसको लेकर समाज में एक स्वाभाविक कौतूहल का भाव रहता है। फिर इसके समर्थन और विरोध में बंटना सियासी लिहाज से भी फायदेमंद बना रहा है। एक तरफ समलैंगिक विवाह का समर्थन प्रगतिशील दिखने का एक आसान रास्ता है, वहीं इसका विरोध एक मजहबी सोच वाले समाज में परंपरावादी खेमों के बीच अपना नैतिक भाव बढ़ाने का जरिया साबित होता है। वरना, ऐसे मुद्दों को लोगों की निजी जिंदगी के लिए छोड़ा जा सकता है। असल में ऐसा ही सदियों से रहा है। जैसे रिश्ते आम तौर पर लोगों को पसंद ना हों, उन्हें कानूनी मान्यता दिलवाने की कोशिश असल में उतनी ही गैर-जरूरी है, जितनी उन्हें गैर-कानूनी बनाने के लिए वैधानिक उपाय करने की मांगें हो सकती हैं। लेकिन जब किसी समाज में इनसान की आम खुशहाली के मुद्दों को राजनीतिक और सामाजिक विमर्श से हटा दिया जाता है, तब ऐसे मुद्दे केंद्र में चले आते हैं। तो अब सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह की वैधता के मसले पर सुनवाई शुरू कर रहा है। सोमवार को केंद्र सरकार ने इस बारे में अपना रुख उसे बताया। केंद्र ने ऐसे चलन का विरोध किया है। केंद्र ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच के सामने सुनवाई से पहले एक नया आवेदन दायर किया है। उसमें कहा गया है कि समलैंगिक विवाह की मांग सामाजिक स्वीकृति के उद्देश्य से केवल शहरी संभ्रांतवादी विचार है। इसे मान्यता देने का मतलब कानून की एक पूरी शाखा को दोबारा लिखना होगा। केंद्र ने कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। किसी विवाह को मान्यता देना अनिवार्य रूप से विधायी कार्य है और कोर्ट को इस पर फैसला करने बचना चाहिए। उचित होगा कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र की इस दलील को स्वीकार कर ले। कानून बनाना निर्विवाद रूप से संसद का ही दायित्व है।

> “ कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले आम चुनाव से पहले जिन नीतीश कुमार को कांग्रेस ने निराश किया था, उन्हीं के लिए अब लाल कालीन बिछाई जा रही है। नीतीश तो पिछली सितंबर में भी इसी उम्मीद से दिल्ली आए थे, पर तब उन्हें 'परिवार' की ओर से हरी झंडी नहीं मिली थी। यही वजह है कि वह और तेजस्वी सरेआम कहने लगे थे कि हम तो विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए तैयार हैं, कांग्रेस हां तो करे।

## राहुल का रण और रास्ता

शशि शेखर

दोराहे जैसे राहुल गांधी की नियति से बंधे हुए हैं। वह कुछ कदम सीधे और सपाट चलते हैं कि अचानक कोई नई दुविधा सामने खड़ी होती है। सूरत की सत्र अदालत से मानहानि मामले में सजा बरकरार रहने के बाद उनके सामने एक बार पुन: यही स्थिति आ खड़ी हुई। उनके पास अभी उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के विकल्प खुले हुए हैं, पर इन ऊंची अदालतों से अगर समय रहते राहत न मिली, तो वह अगला चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

क्या यही वजह है कि वह अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड ले गए थे?

वायनाड वह क्षेत्र है, जहां से वह 2019 का चुनाव जीतकर देश की सर्वोच्च पंचायत में पहुंचे थे। नेहरू-गांधी परिवार की परंपरागत सीट अमेठी ने उन्हें ठुकरा दिया था। हमेशा की तरह दक्षिण भारत आड़े वक्त में फिर गांधी परिवार के काम आया, लेकिन मानहानि के मुकदमे में पिछले महीने सूरत की निचली अदालत से सजा पाने के बाद हालात बदल गए। लोकसभा सचिवालय ने तत्परतापूर्वक उन्हें सदन की सदस्यता से बर्खास्त कर दिया। सवाल उठता है कि अगर निर्वाचन आयोग वायनाड में उप-चुनाव का फैसला करता है, तो क्या प्रियंका गांधी वहां से चुनावी मैदान में दो-दो हाथ करती नजर आएंगी। हालांकि, कांग्रेस के अंदर चर्चा थी कि वह रायबरेली से सोनिया गांधी की जगह चुनाव लड़ेंगी, लेकिन केरल देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए बेहद जरूरी है। वहां की 20 लोकसभा सीटों में से 15 कांग्रेस के पास हैं। सन 2024 के चुनावों में वह इनमें से एक भी नहीं गंवाना चाहेगी। इसके लिए नेहरू-गांधी परिवार से किसी एक सदस्य का वहां से प्रतिनिधि होना जरूरी है।

ऐसे में, देश के सबसे बड़े और नेहरू-गांधी परिवार के गृह-प्रदेश, यानी उत्तर प्रदेश के लिए क्या रणनीति होगी?



सूरत की निचली अदालत के फैसले के बाद कांग्रेस ने कोशिश की थी कि अपने नेता को पीड़ित और वंचित साबित कर सके। यही वजह है कि जिला न्यायालय में अपील तत्काल दाखिल नहीं की गई। उधर, भाजपा ने भी सवाल पूछने शुरू कर दिए कि भला ऐसी कौन सी वजह थी कि कांग्रेस के नामी-गिरामी वकील, जिनमें से कई सांसद या पार्टी पदाधिकारी हैं, इस मुकदमे की पैरवी के लिए सूरत नहीं पहुंचे? मामला अदालती फैसले से जुड़ा था, इसलिए कांग्रेस के पास अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए बहुत कुछ नहीं था। गुरुवार को सूरत की सत्र अदालत के फैसले ने इस मशक्कत पर पानी फेर दिया है।

तय है, राहुल गांधी को अब अलग रणनीति बनानी होगी। एक तरफ, उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी है, तो दूसरी तरफ सियासी लड़ाई के लिए नए दांव खोजने हैं।

कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले आम चुनाव से पहले जिन नीतीश कुमार को कांग्रेस ने निराश किया था, उन्हीं के लिए अब लाल कालीन बिछाई जा रही है। नीतीश तो पिछली सितंबर में भी इसी उम्मीद से दिल्ली आए थे, पर तब उन्हें 'परिवार' की ओर से हरी झंडी नहीं मिली थी। यही वजह है कि वह और तेजस्वी सरेआम कहने लगे थे कि हम तो विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए तैयार हैं, कांग्रेस हां तो करे। इस फैसले के बाद तयशुदा तौर पर नीतीश कुमार पर कांग्रेस की निर्भरता बढ़ेगी। नीतीश का अनुभव और विपक्षी नेताओं के बीच गहरी पैठ कुछ नए सियासी समीकरण बुन सकती है।

यही नहीं, जब तक राहुल बेदाग साबित नहीं हो जाते, तब तक उन्हें मल्लिकार्जुन खड़गे को भी ज्यादा स्वायत्तता देनी होगी। राहुल गांधी के लिए अच्छा होगा कि वह एक बार फिर से विपक्षी एकता की पैरोकारी के साथ सड़कों पर उतरें। आज की राजनीति में ऐसे व्यक्तियों की बेहद कमी है, जो सत्ता से बाहर रहते हुए भी लोकहित में जन-प्रतिनिधियों पर परोक्ष दबाव बना सकें। सत्तानायकों की निरंकुशता रोकने का सबसे अच्छा तरीका यही है।

हालांकि, ऐसी कोशिशें वह पहले भी कर चुके हैं। आपको याद होगा, वर्ष 2011 में वह उत्तर प्रदेश के भट्टा पारसौल जा पहुंचे थे। वहां के किसान आंदोलनरत थे, क्योंकि प्रदेश सरकार एक निजी कंपनी की विद्युत परियोजना के लिए जमीन अधिगृहित कर रही थी और किसान उसके पक्ष में नहीं थे। इस आंदोलन से कांग्रेस का तो कोई भला नहीं हुआ, पर मायावती जरूर अगला चुनाव हार गईं। इसी तरह, राहुल गांधी ने जन-प्रतिनिधित्व कानून में संशोधन संबंधी अध्यादेश की प्रतियां मीडिया के सामने फाड़ दी थीं। मनमोहन सिंह यह अध्यादेश लेकर आए थे। यह अपनी ही सरकार पर हमला था। मनमोहन सिंह का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता था कि जिस नेहरू-गांधी परिवार ने उन्हें यहां तक पहुंचाया था, उसी का वारिस सरेआम उनके फैसले की चिंदियां बिखेर रहा था। वह चाहते, तो प्रधानमंत्री से अकेले में भी बात कर सकते थे। उनका कहा बेकार भी नहीं जाने वाला था, पर ऐसा कर उन्होंने खुद को एक इंसाफ पसंद और स्वतंत्र सोच का नेता साबित करने की कोशिश की थी।

आज वही कानून उनके गले की हड्डी बन गया है।

तय है, राहुल भी इन दुश्वारियों को जानते हैं और इसीलिए उन्होंने जातीय गणना के पक्ष में बोलना शुरू कर दिया है। 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी' नारा कभी कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ने के लिए लगाया गया था। राहुल आज खुद उसी रास्ते पर चल पड़े हैं। मतलब साफहै कि हम आने वाले दिनों में मंडल और कमंडल की राजनीति का पुनर्जन्म देखने जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों कहा था कि पहली जनवरी 2024 तक राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। तय है कि वहां पर मूर्ति प्रतिष्ठापना से लेकर सारे समारोह भव्यतापूर्वक किए जाएंगे, ताकि हिंदुओं की धार्मिक आस्थाओं को हवा दी जा सके। भाजपा इस भाव का लाभ पहले से उठाती आई है।

यहां दो सवाल खड़े होते हैं, अयोध्या में 'भव्य राम मंदिर' की शुरुआत क्या कोई ऐसी लहर जन सकेगी, जो भाजपा का तीसरी बार केंद्र में बहुमत तय कर सके? या, जातीय गणना के नाम पर एक बार फिर से वैसा ही तूफान बरपा होगा, जिसने राम लहर को लील लिया था?

यह सवाल इसलिए और भी ज्यादा दिलचस्प हो जाता है, क्योंकि इस समय केंद्र की हुकूमत नरेंद्र मोदी के हाथ में है और वह खुद पिछड़ी जाति से आते हैं। यही नहीं, पिछले तमाम प्रादेशिक और राष्ट्रीय चुनावों में वह सफलतापूर्वक साबित कर चुके हैं कि उनमें जातीय समीकरणों को तोड़ने की अद्भुत क्षमता है।

राहुल गांधी अगर अपने मकसद में कामयाब होना चाहते हैं, तो उन्हें अपने मन, वचन और कर्म को एकाकार करना होगा। उन पर मौजूदा आफत भी वाणी की फिसलन से आई है। संवाददाता सम्मेलनों में उनके तेवर अक्सर उनकी अर्जित की हुई प्रतिष्ठा से मेल नहीं खाते। उन्हें मालूम ही होगा कि वह और उनकी पार्टी लगातार तीसरी पराजय बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं हैं।


## नहीं भूल सकती मैं उन नफरती आंखों को

सारा चान, सूडानी बास्केटबॉल स्काउट

दुनिया के दस सबसे अशांत और नाकाम मुल्कों में गिना जाने वाला दक्षिण सूडान इन दिनों फिर खबरों में है। इस बार वहां सेना और अर्द्ध-सैनिक बलों के बीच ही जंग छिड़ गई है, जिसमें अभी तक 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। सूडानी लोगों की बदकिस्मती यह है कि वे शासकीय अराजकता के ही नहीं, नस्लवादी नफरत के भी भयानक शिकार बनते रहे हैं। ऐसे में, वहां के लोगों की लाचारी, चाहत और उनके जज्बे की नुमाइंदगी के लिए सारा चान से बेहतर मिसाल और क्या मिल सकती है!

सूडान के दूसरे गृह युद्ध (1983-2005) के दौरान सारा का परिवार राजधानी खार्तूम में रहा करता था। आज से ठीक 37 साल पहले वह इसी शहर के एक मामूली परिवार में पैदा हुईं। उनसे बड़े दो भाई थे, बाद में एक छोटी बहन भी पैदा हुई। सारे रिश्तेदार आस-पास ही बसे थे, जिससे उन अशांत दिनों में भी उन्हें एक आश्वस्ति मिलती थी कि सब एक-दूसरे के दुख-सुख में काम आ सकेंगे। मगर हालात बिगड़ते जा रहे थे। अक्सर रातों में कोलाहल से नींद खुल जाती और फिर आंखों पर खौफका कब्जा हो जाया करता। गुटों की अदावत की कीमत महिलाओं-बच्चियों को चुकानी पड़ती। मासूम बच्चियों तक से सामूहिक बलात्कार का घृणित अपराध पूरे सूडान में बढ़ने लगा था। सारा के पिता से बदला लेने के लिए भी विरोधी गुट ने कई बार दबिश डाली, पर वह बचते रहे।

मगर कब तक बच पाते, अंतत: परिवार ने सूडान छोड़ने का फैसला किया। सारा तब महज 12 साल की थीं। वे सब भागकर 1998 में केन्या आ गए। राजधानी नैरोबी के शरणार्थी शिविर में उन्हें पनाह मिल गई थी। पहली बार सारा और उनकी बहन को एहसास हुआ कि एक अमन-पसंद देश के लोगों की जिंदगी कितनी मुख्तलिफ होती है। संयुक्त राष्ट्र मिशन की सहायता से केन्या सरकार की नीतियों के तहत सारा और उनकी बहन को लेजर हिल हाईस्कूल में दाखिला भी मिल गया। स्कूल में उन्होंने पहली बार देखा कि लड़कियां भी तरह-तरह के खेलों में भाग ले रही हैं। सूडान में तो वे इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती थीं। सारा और उनकी बहन नए स्कूल की सबसे लंबी लड़कियां थीं। दोनों बहनों का कद छह फीट से अधिक था। एक दिन प्रिंसिपल ने उन्हें बुलाया और पूछा कि क्या वे किसी खेल विधा में रुचि रखती हैं? वे दोनों कौन-कौन सा खेल खेलना चाहेंगी? सारा ने बड़ी विनम्रता के साथ किसी खेल से जुड़ने से मना कर दिया। मगर केन्या समृद्ध खेल-संस्कृति वाला मुल्क है और एक सच्चा शिक्षक अपने विद्यार्थियों की शख्सियत निखारने से पीछे भी कहां हटता है! सारा की हिचक व इनकार की वजह को प्रिंसिपल समझ चुके थे। उन्होंने फौरन स्कूल के सभी बच्चों के लिए खेल अनिवार्य बना दिया। अब विकल्प ही क्या बचा था?



कदमों और हाथों में लय क्या बैठी, सारा बास्केटबॉल में निखरती चली गईं। कुछ ही वर्षों में उनकी खेल प्रतिभा को अमेरिका की यूनियन यूनिवर्सिटी ने पहचान लिया और उन्हें चार वर्षीय बास्केटबॉल स्कॉलरशिप के साथ अपने यहां पढ़ने का न्योता भी दिया। सारा ने जैक्सन स्थित इस विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान और इतिहास की पढ़ाई की, साथ ही अमेरिका के 'इंटरकॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रोग्राम' के तहत अपना बास्केटबॉल खेलना जारी रखा। इसके बाद वह कई वर्षों तक यूरोप व अफ्रीका में पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर बास्केटबॉल खेलती रहीं और फिर नैरोबी लौट आईं। इस दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। यहां आपको बताता चलूं कि अमेरिका और यूरोप में बास्केटबॉल में काफी धन बरसता है। बहरहाल, नैरोबी लौटने के बाद यहां की एक प्रसिद्ध निजी यूनिवर्सिटी से सारा ने 'पीस ऐंड क्फ्लिलक्ट स्टडीज' में मास्टर्स की डिग्री हासिल की।

साल 2017 की बात है। केन्या के एक बास्केटबॉल कैंप में वह बतौर कोच काम कर रही थीं, तभी उन पर 'टोरंटो रैप्टर्स' के मुखिया मसाई उजिरी की नजर पड़ी। उन्होंने सारा को स्काउट यानी चयनकर्ता के रूप में अपने संगठन से जोड़ा। सारा के लिए यह बड़ा मौका था। उन्होंने मसाई को कायल किया कि वह जुबा, दक्षिण सूडान, सोमालिया, मोगादिशु जैसे देशों की लड़कियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दें। अनुमति मिली, तो वह पूरे अफ्रीका में घूम-घूमकर रैप्टर्स के लिए प्रतिभाएं चुनने लगीं। सारा अश्वेत लड़कियों का दर्द गहरे समझती हैं, क्योंकि उन्होंने खुद इसे भोगा है। अल्जीरिया दौरे के अपने अनुभव को तो वह कभी नहीं भूल सकीं, जब एक गोरे पुरुष ने उनके मुंह पर थूक दिया था। सिर्फ इसलिए कि उनका रंग काला है? मगर सारा को अपने रंग को लेकर कभी कोई ग्रंथि नहीं रही, क्योंकि माता-पिता ने पहली बार घर से निकलते वक्त ही उनके भीतर यह भरोसा भर दिया था- तुम जैसी हो, बहुत खूबसूरत हो! सारा की खूबसूरती का एक पहलू उनके मूल देश से जुड़ा है। बास्केटबॉल की अफ्रीकी प्रतिभाओं को परखने के क्रम में जब वह दक्षिण सूडान पहुंचीं, तो एक शाम स्टेडियम में लड़कियों को खेलते हुए देख रही थीं, तभी एक किशोरी उनके करीब आ बैठी। वह कोई खिलाड़ी नहीं थी, साधारण बच्ची थी, जो वहां आ गई थी। सारा ने उसे उदास पाया। कुछ स्नेह और दुलार के बाद उसकी उदासी हिचकियों में तब्दील हो गई थी। एक रात पहले ही उसके साथ दुराचार हुआ था। वह अंदर-अंदर तड़प रही थी, पर कोई पूछने वाला न था।

सारा को अपना दुखद अतीत याद आ गया। उन्होंने उसे गले से लगा लिया। उसी वाकये ने उन्हें अपने कल्याणकारी संगठन 'होम ऐट होम' को शुरू करने की प्रेरणा दी, जो सूडान में बाल विवाह को रोकने के साथ-साथ बच्चियों की शिक्षा व उनकी खेल प्रतिभा को तराशने का काम कर रहा है। बीबीसी ने सारा को विश्व की सौ प्रभावशाली महिलाओं में गिना है।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

## एक किताब में ढेरों हसीन तितलियां

रिचर्ड एच एब्राइट, प्रसिद्ध जीवविज्ञानी

विशाल ब्रह्मांड में एक जीरा बराबर पृथ्वी और उस जीरे में जरा सा एक मुल्क और उस मुल्क में एक अदना सा इंसान। वह अपनी जिंदगी में बहुत जोर लगाकर भी छटांक भर जान पाता है और अथाह को जाने बिना ही दुनिया से रुखसती हो जाती है। फिर भी कितना अहंकार करता है, जैसे उस लड़के को भी है। घर के आसपास जुटाई गई चंद तितलियों के खजाने पर उसे बहुत गुमान है। तितलियां जिनकी छोटी सी जिंदगी होती है और उसके बाद उनकी खूबसूरती किसी बोर्ड पर टांग दी जाती है, इस गुमान के साथ कि यह तितली मेरे खजाने की है।

ऐसे गुमान लिए बहुत खुशफहमी में रहता था वह लड़का। अकेली सजग मां के दुलारे ने अपने शहर के आसपास पाई जाने वाली तितलियों की सभी पच्चीस प्रजातियों को सहेज रखा था, पर उन दिनों स्कूली किताबें कक्षा-दर-कक्षा मोटी होने लगी थीं। ऐसा लगता था कि पुरानी किताबों के साथ तितलियों का शौक भी रद्दी में चला जाएगा। तब मां बहुत गौर करती थीं कि तितलियों से बेटे को बहुत मोह है, तो वह एक किताब खोज लाईं, जो तितलियों को समर्पित थी - द ट्रेवल्स ऑफ मोनार्क एक्स।

किताब में तितलियों की गजब दुनिया गुलजार थी। वह लड़का उस दुनिया में सहज ही उतर गया और तितलियों का पीछा करने लगा। उसमें तितली की एक ऐसी प्रजाति की कहानी थी, जो हजारों किलोमीटर का सफर तय करती है। वे मैक्सिको से कनाडा और फिर कनाडा से मैक्सिको तक उड़ती चली जाती हैं। दिन भर बगीचे में इधर-उधर उड़ने वाली संग्रह की तितलियों से अलग मोनार्क तितलियां बेमिसाल हैं। मोनार्क तितलियां इतने लंबे सफ़र में भी रास्ता नहीं भटकती हैं। उन्हें याद रहता है कि सफर में पिछली बार किस पेड़ पर बैठना हुआ था, किस पेड़ पर पल भर सुस्ताए थे? कहां पेड़ के पास पौधे पर भोजन चखा था? मोनार्क की दुनिया में मिल्कवीड एकमात्र ऐसा पौधा होता है, जिस पर मादा मोनार्क अंडे देती है और यही पौधा शिशु कैटरपिलर के भोजन का एकमात्र स्रोत होता है। वयस्क मोनार्क तितलियों के शरीर पर दो जोड़े शानदार नारंगी-लाल पंख होते हैं, जिसमें किनारों पर काली धारियां व सफेद गोटे सोने पर सुहागा करते हैं।



इस एक किताब से उस लड़के की दिशा बदल गई। जीवविज्ञान से गहरा प्रेम जाग उठा। उसने घर के तहखाने में मोनार्क तितलियों को पालना शुरू कर दिया और उनके विकास के विभिन्न चरणों का अध्ययन करने लगा। द ट्रेवल्स ऑफ मोनार्क एक्स किताब में जिस तरह एक वैज्ञानिक ने हजारों मोनार्क तितलियों पर निशान लगाकर उन्हें छोड़ा था, ताकि उनके सफर का अध्ययन किया जा सके। ठीक उसी तरह वह लड़का भी तितलियों पर निशान लगाकर छोड़ता था, पर तितलियां कब किसी के हाथ आई हैं? हमेशा शीत से ऊष्ण लोक की ओर सफर करने वाली इन तितलियों की जिंदगी अजीब है। एक तितली अधिकतम चार सप्ताह जिंदा रहती है। एक पड़ाव पर दोबारा आने में चार पीढ़ियां बीत जाती हैं। मतलब इन तितलियों का ज्ञान पीढ़ी-दर-पीढ़ी विरासत में आगे बढ़ता चला जाता है।

यह दुनिया भले छोटी हो, लेकिन इस पर पसरा जीव विज्ञान विस्तृत है। किताब ने अपना कमाल दिखा दिया था और बाकी काम मां ने आसान कर दिया। बेटे को कम ही आयु में शोध का सारा सामान मुहैया करा दिया। कैमरा, टेलीस्कोप, माइक्रोस्कोप और अन्य उपकरण खरीदकर बेटे के ज्ञान की प्यास बुझाने की मां ने पूरी कोशिश की, पर बेटे की प्यास और जिज्ञासा बढ़ती चली गई। बेटे ने मां को निराश नहीं किया, खूब मेहनत से पढ़ाई करता गया और दुनिया के एक सफ्लतम जीव विज्ञानी रिचर्ड एच एब्राइट के रूप में पहचाना गया। कीट-पतंगों, कोशिकाओं और वायरस के मोर्चे पर एब्राइट आज महारथी हैं।

एक बच्चे के रूप में एब्राइट बेहद जिज्ञासु थे और वास्तव में, इस जिज्ञासा की वजह से ही उन तक तितलियों पर केंद्रित किताब पहुंची और जिसने उन्हें वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित किया। वाकई तितलियों का पीछा करना आसान नहीं, पर अगर दृढ़ता, समर्पण और कड़ी मेहनत हो, तो उनकी दुनिया में झांका जा सकता है। एब्राइट का जीवन इस मायने में भी मिसाल है कि अगर किसी के जीवन में सही मौके पर सही किताब पहुंच जाए, तो कमाल कर जाती है। कहना न होगा कि किताबें भी इंसानी ज्ञान का भंडार हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी विरासत में मिलती और बढ़ती चली जाती हैं। तितलियों के पास किताब की सुविधा नहीं है, लेकिन सौभाग्य से इंसानों के पास है। जब 23 अप्रैल को दुनिया में विश्व पुस्तक व कॉपी राइट दिवस मनाया जाता है, तब रिचर्ड एच एब्राइट की चर्चा अनायास चल पड़ती है कि कैसे किताब ने दुनिया को एक बड़ा वैज्ञानिक दिया।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### शहर के म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान का होगा अब कायाकल्प

**राजनांदगांव।** शहर के म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान का अब कायाकल्प होगा। अब वहां लॉन घास की हरीतिमा से शोभा बढ़ेगी और स्कूल के बच्चों को खेलने एवं अन्य गतिविधियों के लिए उम्दा स्थान मिलेगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति श्री डोमन सिंह ने जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफसे म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास कार्य के लिए 31 लाख 96 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर श्री सिंह की पहल पर म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास लगाया जा रहा है, ताकि यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ ही एक अच्छा माहौल मिले। बच्चों को धूल भरे वातावरण से मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर ने इस कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग को कार्य एजेंसी बनाया है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को यह कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को किया लाभान्वित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने आज जिला प्रवास के दौरान गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत डाहीबहरा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर विधायक डॉक्टर के के ध्रुव, अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, श्री मनोज गुप्ता, जनपद अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद ने राशनकार्ड, जाती प्रमाण पत्र, पेंशन वितरण के साथ ही अन्नप्राशन एवम गोदभराई रस्म भी किया। शिविर में राजस्व विभाग से 52 आवेदन, पंचायत विभाग से 40, विद्युत विभाग से 6, स्वास्थ्य विभाग से 1, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 1, वन विभाग से 2, पीएमजीएसवाई से 1 और बैंक का 1 कुल 104 आवेदन प्राप्त हुये जिसका त्वरित निराकारण विभागीय अधिकारियों के द्वारा शिविर स्थल पर किया गया।

### युवा कांग्रेस कर रहा प्रवक्ता खोज स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव।** प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय सहित प्रदेश व राष्ट्रीय स्तरीय प्रवक्ता खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।इस विषय को लेकर जिला युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि संस्कार धानी नगरी राजनांदगांव में उक्त प्रवक्ता खोज प्रतियोगिता होनी है । इसके लिए जिला स्तर पर आनलाईन पंजीयन 25 मार्च तक आमंत्रित किया गया है । प्रेस वार्ता लेते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आशीष द्विवेदी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ,,18 से 35 आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे । उन्होंने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पिछले दो बार भी इस तरह की प्रतियोगिता करवाया जा चुका है ।यह प्रतियोगिता जिला स्तर से होकर राज्य स्तर व अंत में राष्ट्रीय स्तर पर संपादित होगी । जिसमें श्रेष्ठ प्रवक्ताओं चयनित होगा। युवा कांग्रेस द्वारा आज प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यंग इंडिया के बोल सीजन 3 का पोस्टर विमोचन किया गया जिसमें युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आशीष द्विवेदी ने बताया की देश में आज केंद्र सरकार के नीतियों के ख़िलाफ़ विपक्ष के नेताओ को बोलने नहीं दिया जा रहा संसद में विपक्षी नेताओ के माइक बंद कर दिये जा रहे हैं माध्यम से प्रदेश,ज़िला प्रवक्ता का चयन कर उनको पार्टी की विचार धारा से जोड़ने का काम किया जायेगा ।

### कुम्हारी बाजार चौक का नामकरण माता कर्मा के नाम पर करने की घोषणा

# माता कर्मा की त्याग, सेवा, भक्ति और समर्पण अनुकरणीय: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि माता कर्मा सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण की देवी है। भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन माता कर्मा ने अपना पूरा जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्य में समर्पित किया। भक्त माता कर्मा की कृष्ण भक्ति अनुकरणीय रही है, इसलिए आज पूरे राज्य में माता कर्मा की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। वे आज दुर्ग जिले के कुम्हारी में आयोजित मां कर्मा जयंती महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि साहू समाज न केवल अपनी परंपराओं को आगे बढ़ा रहा है, अपितु सामाजिकजनों के लिए उद्देश्यपूर्ण कार्य कर रहा है। साहू समाज कृषि, व्यापार, शिक्षा सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सामाजिक संगठन द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, इससे आने वाली पीढ़ी को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रगति के लिए आपसी समन्वय, एकता और विचारों का सकारात्मक होना अतिआवश्यक है और सकारात्मक विचार शिक्षा ही दे सकती है, इसलिए उन्होंने उपस्थित जनों को सामाजिक तरक्की के लिए शिक्षा पर विशेष बल देने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वावलंबी और आत्मनिर्भर गांवों का सपना रीपा के माध्यम से पूरा होगा और इससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल पाएगा। हमारे किसान भाई कड़ी मेहनत करते हैं, उनके श्रम का पूरा सम्मान हो। उन्हें उनकी उपज की उचित राशि मिल सके, इसके लिए धान की खरीदी प्रति एकड़ 20 क्विंटल करने का निर्णय शासन ने लिया है। कोदो-कुटकी जैसे लघु वनोपजों के उत्पादन को बढ़ावा देने और इनके प्रसंस्करण के लिए भी शासन द्वारा विशेष कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुम्हारी बाजार चौक का नामकरण माता कर्मा चौक के नाम से करने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर नगर पालिका कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष अश्वनी साहू , पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प कला बोर्ड श्री दीपक ताराचंद साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी और बड़ी सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# अक्ती तिहार पर रचाई गुड्डे-गुड़िया की शादी, सजे चार मंडप, विवाह गीत पर झूमकर नाचे बच्चे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** अक्षय तृतीया यानी अक्ती के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ में गुड्डा-गुड़िया के विवाह की रस्म अदायगी होती है ।गांवों में बच्चों ने गुड्डा-गुड़िया की शादी रचाई जाती है ।इस दौरान मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया की पूजा अर्चना की गई.साथ ही साथ किसी असली शादी के जैसे ही रस्म निभाए गए ।इस पर्व का हिंदू रीति रिवाज में बड़ा ही महत्त्व है नन्हें-मुन्हें बराती निकले ।घरातियों ने भी उनका स्वागत किया ।सारा इंतजाम बच्चों की ओर से किया गया था ।अक्ती के मौके पर गांव के गली मोहल्लों में विवाह गीत बजते रहे ।ये त्योहार के चलते पुराना मंगल बाज़ार में सजे चार मंडप जहां अक्षय तृतीया पर पर सबसे



ज्यादा बच्चों में उत्साह दिखाई दिया ।नन्ही स्नेहा ने अपने घर में ही पूरा शादी का कार्यक्रम रखवाया और बाक़ायदा पूरे रश्म रिवाज के साथ चार मंडप सजाया और गुड़ियों की शादी रचाई गई।

अबूझ और महामुहूर्त है पुण्य फलदायी,सबसे बड़ा दान कन्यादान-इन वैवाहिक संस्कारों की देते हैं सीख -दीप सिन्हा ,,,स्नेहा के पिता दीप सिन्हा ने बतलाया बच्चो को उनके परंपरा और रश्मो रिवाज को जानने और समझाने के के लिए अक्षय तृतीय की परंपरा वर्षों से चली आ रही है ।गुड्डा-गुड़िया का ब्याह रचाते समय दोनों पक्ष के लोग बाकायदा तालाब से चूलमाटी लेने जाते हैं ।देवी-देवता को प्रतिष्ठापित करते हैं।

# अनुसंधान केन्द्र ढोलिया में मनाया गया अक्ती तिहार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** आर.एस.व्ही. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में आज 22 अप्रैल, 2023 को अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय बेमेतरा के प्रक्षेत्र पर परंपरागत विधि से पूजा अर्चना और माटी पूजन करके अक्ती तिहार की शुरूवात की गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं मुख्य अतिथि आशीष छाबड़ा नें माटी पूजन एवं बीज संस्कार का कार्य पूर्ण की और शुरूवात उन्होंने खेत में बीज की बुवाई करके किया। माटी पूजन कार्यक्रम में विधायक एवं श्री आर. एस. तोमर वरिष्ठ राज्य प्रबंधक रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

विधायक श्री छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अक्ती तिहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार है। अंचल में अक्ती तिहार से खेती किसानी प्रारंभ हो जाता है। किसान बीज अंकुरण की शुरूवात इसी दिन से करते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एम.पी ठाकुर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय बेमेतरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह त्यौहार हमें अपनी माटी से जोड़ता है, अपने इतिहास और समाज से जोड़ता है, इसलिए परंपरागत त्यौहार को नहीं भूलना चाहिए।

डॉ. आलोक तिवारी ने इस दिन की पौराणिक मान्यता से आंगतुक को अवगत कराया और कहा कि यह आयोजन इस दिन की महत्ता बताने का एक अच्छा अवसर है।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर न्यायालयों एवं स्कूलों में किया गया पौधारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** सालसा द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2023 माह अप्रैल 2023 अनुसार पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स चंद्रकिशोर सिंह, देवेंद्र यादव, टुवेंद्र वर्मा, खेतहा घृतलहरे चेतन साहू सुश्री सोनिया सिंह, सुश्री प्राची तिवारी, श्री संजू यादव द्वारा जिला न्यायालय बेमेतरा प्रांगण में निःशुल्क पौधा वितरण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पृथ्वी को बचाने के लिये अपील की।


इसके साथ साथ श्रीमती मधु तिवारी, विशेष न्यायाधीश पाक्सो न्यायालय एवं श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली में छात्र छात्राओं के बीच जाकर पृथ्वी दिवस के अवसर पर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति



जागरूक किया। बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण के तहत होने वाले अपराधों के संबंध में अपने बचाव के बारे में उन्हें जागरूक किया। शाला प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं प्रधान पाठक श्री परस राम साहू सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया। पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा भी कंतेली वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुये लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय या संस्था में संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है, उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है, न्याय शुल्क यदि लगा हो तो वापस हो जाते है, ऐसे मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। साथ ही महिलाओं के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, वाहन चालान संबंधी महत्वपूर्ण कानून, नालसा की दस योजनायें, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलओं के लिये संचालित हमर अंगना योजना, लोक अदालतों की प्रक्रिया एवं उसके लाभ निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं सहयोग हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेशनल हेल्पलाईन सेंटर का टोल फ्री नंबर 14567 के संबंध में जानकारी दी की गई।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578


# कोरोना के बीच दर्शन का कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना पांव पसार रहा है। शनिवार को इसके 256 नए केस मिले। इसके साथ ही कुल एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3084 हो गई. पॉजिटिविटी दर 13.09 प्रतिशत जा पहुंची है। पिछले 30 दिन में 20 से अधिक लोगों की मौत इस बीमारी के चलते हो चुकी है। यह आंकड़े तब हैं जबकि आक्रामक टेस्टिंग अभी शुरू नहीं हुई है। क्या पता कितने और संक्रमित हैं। इस बीच भिलाई में सिंगर दर्शन रावल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार की शाम आयोजित इस कार्यक्रम के लिए 750 से लेकर 5000 रुपए तक के टिकट बेचे गए थे। टिकट बेचने के लिए कालेजों में स्टैण्डीज खड़े किए गए जहां अभी परीक्षाएं चल रही हैं। बावजूद इसके 80 फीसद से ज्यादा टिकट बिके। दरअसल, हमारी स्मृति शक्ति बहुत क्षीण हो चुकी है। आयोजक और आयोजन में हिस्सा लेने वाले सभी को पता है कि दो साल पहले वो किस त्रासदी से गुजर रहे थे। आखिर कितने लापरवाह हो सकते हैं हम। वह तो अच्छा हुआ कि बारिश ने कार्यक्रम को धो डाला और रावल को आधी रात को बिना कार्यक्रम किये ही वापस लौटना पड़ा। फैन्स देर रात तक कार्यक्रम शुरू करवाने के लिए हंगामा करते रहे। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी थे जो कालेज की मामूली फीस एक बार में जमा करने में असमर्थता जताते हैं। वे भी हजारों की टिकट लेकर इस भीड़ में शामिल थे। इससे पहले हनी सिंग के शो में भी लोग 20-20 हजार के टिकट खरीदकर इकट्ठा हुए थे। इधर छोटे-छोटे कार्यों के लिए वो सरकार का मुंह देखते हैं। आखिर हमारी प्राथमिकताएं क्या हैं? क्या आधुनिक जीवन केवल नाच-गाना और शोर शराबे तक ही सीमित है? भारत घनी आबादी वाला एक विशाल देश है। हम चीन की आबादी को चुनौती दे रहे हैं जबकि आकार में चीन हमसे तीन गुना बड़ा है। कहां तो शिक्षा से मानव संसाधन का विकास होता, हम केवल डिग्रीधारी बेरोजगार पैदा कर रहे हैं। ऊपर से फिजूलखर्ची कोढ़ पर खाज का काम कर रही है। बात-बात पर पार्टी की एक नई संस्कृति फल-फूल रही है। महीने में 10-15 हजार रुपए फालतू खर्च करने वाली जमात को एक बार भी नहीं सूझता कि यह देश, यह वृहद समाज उनका है। इसकी बेहतरी के लिए भी उन्हें कुछ करना चाहिए। ऐसे में याद आती है फील परमार्थम और आस्था की। कुछ युवा इन संगठनों के जरिए उन लोगों का जीवन बदलने की कोशिश कर रहे हैं जो रास्तों पर आवारा मवेशियों की तरह घूम रहे हैं। जिनके शव बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन या गली-कूंचों में बरामद होते है। यकीन नहीं आता कि यह वही देश है जहां दरिद्र नारायण की सेवा को उत्तम माना जाता था। यदि आपको अपने पैसे दिखावे और शौक पर ही खर्च करने हैं तो मिशनरियों को दोष देना बंद कीजिए जो गरीबों का दिल जीतने में लगे हैं।


अतिशीघ्र आवश्यकता है
एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा



BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school , Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372


## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ योग आयोग के 6वें स्थापना दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम और जागरूकता रैली का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के 25 अप्रैल को छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के सुभाष स्टेडियम में सुबह 6 से 7 बजे तक एक दिवसीय सामूहिक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग एक से दो हजार प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। योगाभ्यास सत्र के बाद सुबह 7 बजे से स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता रैली (पैदल यात्रा) निकाली जाएगी। रैली में योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा सहित,रायपुर शहर के मान विधायक गण एवम गणमान्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यह जागरूकता रैली सुभाष स्टेडियम से शुरू होकर सिटी कोटवाली, जयस्तंभ चौक से शास्त्री चौक होते हुए वापस सुभाष स्टेडियम में समाप्त होगी।

गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ योग आयोग प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, नागरिकों को स्वस्थ व निरोगी जीवनशैली अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता लाने के साथ प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। नगर निगम क्षेत्रों में आयोग द्वारा निःशुल्क योगाभ्यास केन्द्र भी खोले जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने पं. माधवराव सप्रे की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के जनक और साहित्यकार पंडित माधवराव सप्रे की 23 अप्रैल को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। पंडित माधवराव सप्रे को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और साहित्यिक चेतना को विकसित करने में माधवराव सप्रे का अमूल्य योगदान रहा है। माधवराव सप्रे के रचनात्मक और मूल्यपरक लेखन ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी है। उनके द्वारा रखी गई नींव पर ही आज छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता समृद्ध हो रही है। माधवराव सप्रे का व्यक्तित्व और कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

# मानस मंडलियों की महिलाओं को मिलेगा माता कौशल्या अलंकरण

## माता कौशल्या महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने की घोषणा

### महिला सशक्तिकरण के लिए शासन की पहल

### रिमझिम बारिश के बीच संस्कृति मंत्री ने की माता कौशल्या महोत्सव की औपचारिक शुरूआत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही मानस मंडलियों की महिलाओं को माता कौशल्या अलंकरण दिया जाएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए शासन ने यह विशेष पहल की है। चंदखुरी में आयोजित माता कौशल्या महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर यह घोषणा संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने की। रिमझिम बारिश के बीच मंत्री ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। श्री भगत ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी संस्कृति कला और साहित्य को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने एवं इन्हें आगे बढ़ाने जो कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। उसके चलते प्रदेश को नई पहचान देश-दुनिया में मिल रही है।

इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु भारत भर की कला संस्कृति और भक्ति परंपरा की झलक देखने को मिल रही है, जो दर्शकों के लिए हमेशा यादगार रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में मानस मंडलियों के कलाकार बहुत प्रतिभाशाली है और बहुत सुंदर मानस गान करते हैं। शासन ने इनकी प्रतिभा को विस्तृत मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राम-वन-गमन पर्यटन परिपथ का विकास किया जा रहा है। कौशल्या धाम को नया स्वरूप दिया गया है। रामकथा से जुड़ी मानस मंडलियों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए मानस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संस्कृति विभाग के द्वारा चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत मानस मंडलियों को वाद्ययंत्र क्रय किए जाने हेतु कुल 4 हजार 895 मानस मंडलियों को 2 करोड़ 44 लाख 75 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम भी मौजूद रहे। बनारस से आई रूपवाणी सांस्कृतिक संस्था के प्रमुख व्योमेश शुक्ल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में संस्कृति संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि आचार्यों की गणना अनुसार मां कौशल्या की जन्म तिथि 22 अप्रैल बताई गई है। अतः इसी दिन से इस भव्य महोत्सव की शुरूआत की गई। पर्यटन मंडल के एमडी अनिल साहू ने बताया कि कौशल्या धाम की विकास से पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

महोत्सव के दूसरे दिन मैथिली ठाकुर और अंतिम दिन पद्मश्री कैलाश खेर की मनमोहक प्रस्तुति होगी

महोत्सव के दूसरे दिन प्रख्यात लोकगीत गायक मैथिली ठाकुर के भक्ति में गीत संगीत भजन की प्रस्तुति होगी। महोत्सव के अंतिम दिन प्रख्यात गायक एवं पद्मश्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी। दोनों ही कलाकार भक्तिमय गीत-संगीत के माध्यम से जनता का मनोरंजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के इन दोनों सुप्रसिद्ध कलाकारों ने चंदखुरी में कौशल्या धाम के महत्व को देखते हुए बिना एक पल गवाएं कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी थी।

# महाकौशल कला वीथिका में भगवान परशुराम पर आधारित कला का प्रदर्शन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महाकौशल कला परिषद एवं गुढ़ियारी गौड़ ब्राह्मण समाज ने शनिवार को राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी महाकौशल कला वीथिका में किया। इसका उद्घाटन अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने किया। महाकौशल कला वीथिका की इस कला प्रदर्शनी में देश के जाने-माने वरिष्ठ कलाकार, युवा कलाकार, बाल कलाकार अपनी रचनाओं के साथ समाहित किए गए हैं।

निर्णायक समिति ने 50 रचनाएं जो परशुराम को परिभाषित करती इस कला प्रदर्शनी हेतु चयनित की है, उसमें प्रोफेसर कल्याण प्रसाद शर्मा, सुश्री मिर्जा ईस्माइल बेग , अवतार सिंह भंगल, निकहत फातिमा, मनीष महानंद , धनंजय पंवार, परियुल जैन, आदित्य कुमार, अजय तिवारी, डॉ. प्रवीण शर्मा, तरुण वंशपाल, अरविंद यदू, डॉ शिखर शर्मा, दिशा ठाकुर, शांभवी शर्मा, समृद्धि, समिक्षा दुबे, समवेद शर्मा, पिनाका नाग, आराध्या गुप्ता, सुधा शर्मा, असीम प्रताप हिरवानी, राधिका दुबे, धनंजय पवार,पार्थ राय सागर, सार्थ राय सागर, अमृता भट्टाचार्य, ए व्ही आदित्य, नियति आदि कलाकारों ने भाग लिया है इस प्रदर्शनी में रचनाएं जलरंग, तैल रंग, पेस्टल, चारकोल, स्याही, एक्रिलिक रंग, काष्ठ, प्लास्टर आफ पेरिस, सीमेंट, मिश्रित माध्यम, से निर्मित की गई हैं। भगवान शिव की आराधना करते परशुराम, विषय पर आधारित इस कला प्रदर्शनी में परशुराम के रोद्र रूप का चित्रण और उनके पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने का सजीव चित्रण किया गया है। परशुराम पर कलाकारों ने बहुतेरी रचनाओं का निर्माण किया है। भगवान परशुराम की अद्भुत छवि काष्ठ माध्यम में प्रदर्शित की गई है। कलाकार ने अपनी रचनाओं में उकेरा है कई कलाकारों ने परशुराम के भगवान गणेश से हुए भीषण युद्ध को,मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र के विवाह में भगवान शंकर के धनुष को तोड़ने पर राम-परशुराम संवाद पर रचना का निर्माण किया है। कई कलाकारों ने अनुभव जनित परशुराम पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

देश के 50 कलाकारों की चयनित रचनाएं जो शहर में पहली बार परशुराम विषय पर आधारित है। महाकौशल कला वीथिका में देखी जा सकती है, जिसमें आध्यात्मिक रूप से परशुराम का विहंगम दृश्य और भगवान शिव की आराधना, मां का सौम्य रूप, परशुराम के रौद्र रूप में विनाश की लीलाओं का सजीव चित्रण कलाकारों ने किया है।

# सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही: कांग्रेस

**रायपुर (ए)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है, सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है।

पेट्रोल-डीजल 100 के पार, रसोई गैस 1150, खाने का तेल 200 के पार। आम जनता बेबस और लाचार है पर मोदी सरकार केवल अपने चांद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है। मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत 7 साल में 258 परसेंट बढ़ाया है और डीजल पर 820 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इन तमाम आंकड़ों के बावजूद मोदी सरकार द्वारा महंगाई को झूठलाया जाना यह प्रदर्शित करता है कि महंगाई को काबू करना मोदी सरकार के बस में नहीं है।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि एक वित्तीय वर्ष में चार बार रेपो रेट बढ़ाना यह प्रमाणित करता है कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह नाकाम रही है। 100 दिन में महंगाई कम करने का झांसा देकर केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अब जनता के प्रति जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। भुखमरी इंडेक्स में भारत लगातार नीचे आ जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार देश के 45 करोड़ युवा गलत आर्थिक नीतियों से हताश होकर नौकरी की तलाश ही बंद कर चुका है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था तेजी से उल्टे पांव भाग रही है। जीडीपी लगातार लक्ष्य और अनुमान से कम हो रहा है।

# संभाग स्तरीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल से

### अष्टांग योग के साथ तनाव प्रबंधन भी सीखेंगे प्रशिक्षणार्थी

### छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नागरिकों को योग से परिचित कराने सात दिवसीय प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नागरिकों को योग से परिचित कराने तथा योग के लाभ को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 24 से 30 अप्रैल तक सात दिवसीय संभाग स्तरीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के प्रथम चरण में रायपुर संभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 से 30 अप्रैल 2023 तक 'योग भवन' वर्किंग वूमेन हॉस्टल, बी.आई.पी रोड रायपुर में किया जा रहा है। शिविर में लगभग 200 महिला एवं पुरूष प्रतिभागी सम्मिलित होगें।

सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन 24 अप्रैल को योग के परिचय एवं महत्व पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही अष्टांग योग और योग दर्शन पर योग विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। 25 अप्रैल को अष्टांग योग (नियम), वैश्विक परिदृष्य में योग, षठकर्म का सैद्धांतिक विवेचन, प्रज्ञायोग के साथ शारीरिक और मानसिक भावनात्मक ऊर्जा परिवर्तन के बारे में बताया जाएगा। 26 अप्रैल को हास्य योग, अष्टांग योग (आसन), प्राकृतिक चिकित्सा, किशोरी बालिकाओं के लिए योग पर व्याख्यान होगा।

प्रशिक्षण शिविर में 27 अप्रैल को प्रशिक्षणार्थियों को अष्टांग योग (प्राणायाम), अध्यात्मिक सशक्तीकरण, आपातकाल में एक्यूप्रेशर द्वारा विभिन्न लोगों का इलाज, सूर्य नमस्कार एवं महत्व, योग एवं मूल्य शिक्षा के बारे में बताया जाएगा। 28 अप्रैल को विषय-विशेषज्ञ अष्टांग योग (प्रत्याहार, धारणा), योग एवं तनाव प्रबंधन, मद्यपान एवं नशीले पदार्थों से बचाव के साथ योग एवं मूल्य शिक्षा के बारे में बताएंगे। 29 अप्रैल को प्रशिक्षणार्थियों को अष्टांग योग (ध्यान, समाधि), प्रसव के दौरान योग की भूमिका, अष्टांग योग में जीवन जीने की कला, ईसा योग के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही प्रशिक्षण के अंतिम दिन 30 अप्रैल को रोगों और तनाव प्रबंधन पर योग का प्रभाव, गर्भवती महिला हेतु विशेष योगाभ्यास के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रेरक वीडियो प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# केटीयू में फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रर्दशनी 25 को



### विजेताओं को दिए जाएंगे आकर्षक पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 'इंडिया@2023: अभिव्यक्ति' विषय पर आयोजित प्रदर्शनी को 25 अप्रैल को 11.00 बजे से विवि के पुस्तकालय एवं संदर्भ संग्रहालय में आयोजित किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र मोहंती ने बताया कि इस फोटो प्रदर्शनी एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में समस्त विश्वविद्यालय के छात्र एवं संबद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते है। विद्यार्थी फोटोग्राफी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की विरासत और स्मारक, आपकी नजर में विकसित भारत, सौहार्द और समरसता, आत्मनिर्भर भारत एवं भारत का भविष्य विषय पर अपनी फोटो को जमा करा सकते है। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार भी दिया जायेगा।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री भेंड़िया ने 'स्टेटस ऑफ वूमेन' पुस्तक का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने रायपुर के सर्किट हाउस में आभा प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक 'स्टेटस ऑफ वूमेन' का विमोचन किया। उन्होंने श्रीमती प्रसाद को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'स्टेटस ऑफवूमेन' किताब में महिलाओं से संबंधित कानून, प्रक्रिया और नियमों का उल्लेख किया गया है। जिसकी जानकारी हर महिला को होनी चाहिए। अक्षय तृतीया के शुभ दिन विमोचित यह किताब सभी के लिए बहुत उपयोगी होगी। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि महिलाएं गृहस्थ जीवन और बाल-बच्चों में व्यस्तता के कारण खुद के अंदर की क्षमताओं को कई बार नहीं देख पातीं। पढ़ी-लिखी सभी महिलाओं को अपने अंदर की क्षमताओं को पहचानकर आगे आना चाहिए। सामाजिक कार्यों के माध्यम से वे दूसरों की मदद कर सकती हैं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव, कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर एमएम नागोरिया और पूर्व विधि सचिव एके सामंते ने महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित इस किताब को बहुत उपयोगी बताया।

पुस्तक की लेखिका डॉ. आभा प्रसाद ने कहा कि अधिकांश महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में नहीं पता है। 'स्टेटस ऑफ वूमेन' में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों का समावेश किया गया है, जिससे उन्हें एक पुस्तक में सभी अधिकारों की जानकारी मिल सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक माजूद थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# चेहरे की रंगत निखार सकता है कच्चा दूध, इसे लगाने से मिलेंगे एक से एक कई जबरदस्त फायदे

**महिलाएं अपनी स्किन को ग्लोइंग रखने के लिए तरह-तरह के प्रयास करती हैं. मार्केट में अवेलेबल एक से एक महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं. बाहरी प्रोडक्ट के इस्तेमाल से आपको भले ही शुरुआत में फायदे देखने को मिले. लेकिन ये फायदे सिर्फ तभी तक बरकरार रह पाएंगे, जब तक कि आप इन प्रोडक्ट्स का रेगुलर इस्तेमाल करेंगे. कुछ लोग त्वचा की रंगत निखारने के मामले में घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं. घर में मौजूद फायदेमंद चीजें आपको लंबे समय के लिए निखार दे सकती हैं और सबसे अच्छी बात तो यह है कि इनसे एलर्जी या साइड इफेक्ट होने का खतरा भी बहुत कम रहता है.**



आपने कई बार लोगों को चेहरे पर कच्चे दूध का इस्तेमाल करते देखा होगा. क्या आप जानते हैं कि चेहरे पर कच्चे दूध का इस्तेमाल क्यों किया जाता है? दरअसल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ दूध स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद है. चेहरे पर दूध लगाने से न सिर्फ चेहरे पर निखार आता है, बल्कि इसपर जमी गंदगी भी साफ हो जाती है. आइए जानते हैं कि चेहरे पर कच्चा दूध लगाने से आपको कैसे-कैसे फायदे मिल सकते हैं?

### चेहरे पर कच्चा दूध लगाने के फायदे

■पिंपल्स को कर सकता है दूर- दूध बंद रोमछिद्रों की गहराई से सफाई करके गंदगी को निकाल बाहर फेंकता है. इतना ही नहीं, पिंपल्स का कारण बनने वाले बैक्टीरिया का भी सफाया करता है. कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने से पिंपल्स को ठीक करने में मदद मिल सकती है. ये एक्जिमा का भी इलाज कर सकता है.

■स्किन टोनर का करता है काम- कच्चा दूध स्किन को टोन करने में मददगार है. कच्चे दूध को शहद, हल्दी और दही के साथ मिलाकर भी चेहरे पर अप्लाई किया जा सकता है. कच्चे दूध के इस फेस मास्क से स्किन की गहराई तक सफाई होगी और चेहरे पर निखार आएगा.

■त्वचा को करता है मॉइस्चराइज- दूध में बायोटिन सहित कई मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं. इसे चेहरे पर लगाने से बेजान, फटी सूखी और मुरझाई त्वचा को भरपूर पोषण मिलता है. ये आपकी त्वचा को भीतर से मॉइस्चराइज करता है.

■स्किन को एक्सफोलिएट करने में मददगार- कच्चे दूध में एक एक्सफोलिएटिंग एजेंट मौजूद होता है, जिसे बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड कहा जाता है. यह आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है और डेड स्किन सेल्स के साथ-साथ व्हाइटहेड्स और ब्लैकहेड्स को भी रिमूव कर देता है.

# राम चरण की आगामी फिल्म आरसी 16 में नजर आएंगी जाह्नवी कपूर



दिवगंत अभिनेत्री श्रीदेवी के बेटी जाह्नवी कपूर बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत ही कम समय में उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। आने वाले वक्त में जाह्नवी एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर की एनटीआर 30, बवाल, तख्त और मिस्टर एंड मिसेज माही शामिल हैं। इस बीच जाह्नवी के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, जाह्नवी राम चरण की आरसी 16 में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

जाह्नवी पहली बार राम चरण के साथ हाथ मिलाने के लिए निर्माताओं संग बातचीत कर रही हैं। उन्हें फिल्म में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। बुच्ची बाबू निर्देशित आरसी 61 को एक गांव आधारित फिल्म कहा जाता है, जो एक बाहरी मनोरंजन के रूप में बनाई गई है। उम्मीद की जा रही है कि सितंबर में राम चरण गेम चेंजर की शूटिंग खत्म करने के बाद आरसी 16 पर काम शुरू करेंगे।

साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर को मिली बंपर सक्सेस के बाद इन दिनों मालदीव में पत्नी संग क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। सुपरस्टार राम चरण आरआरआर के बाद निर्देशक शंकर की अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर में बिजी हैं। जो अभी शूटिंग स्टेज पर है। इस फिल्म में सुपरस्टार राम चरण बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी संग ऑन स्क्रीन रोमांस करते दिखेंगे। अगर अदाकारा इस फिल्म को साइन करती हैं तो ये एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की अगली साउथ फिल्म होगी।

# वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शर्वरी वाघ आएंगी नजर?

अभिनेत्री शरवरी वाघ अपने ग्लैमरस अवतार को लेकर खूब चर्चा में रहती हैं। कुछ दिनों पहले बोल्ड ड्रेस में उनकी तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिस पर लोगों ने कहा था कि उर्फी जावेद तो खामखां बदनाम हैं। बहरहाल अब शरवरी एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। खबर है कि यशराज फिल्म्स दोबारा उन्हें एक बड़ा मौका देने वाला है। उनकी एंट्री यशराज बैनर के चर्चित स्पाई यूनिवर्स में हो सकती है। आइए आपको शरवरी से मिलवाते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, आदित्य चोपड़ा, शरवरी की एंट्री अपने स्पाई यूनिवर्स में कराने की पूरी तैयारी में हैं और वह अगले 2 महीने में इसमें उनकी मौजूदगी का ऐलान करने वाले हैं। उन्हें लगता है कि शरवरी बेहद प्रतिभाशाली हैं और अपनी पहली ही फिल्म से वह अपनी खास मौजूदगी का अहसास करा चुकी हैं। आदित्य को उनकी काबिलियत पर पूरा भरोसा है और इसी वजह से उन्होंने शरवरी पर दांव लगाने का फैसला किया है। यशराज फिल्म्स ने इसी साल स्पाई यूनिवर्स का ऐलान किया थ, जिसमें स्पाई यानी जासूसी पर आधारित फिल्में शामिल होंगी। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान के बाद अब स्पाई यूनिवर्स से इसकी टाइगर 3, वॉर 2 और टाइगर वर्सेज पठान आएंगी।

शरवरी का जन्म 14 जून, 1996 को मुंबई में मराठी परिवार में हुआ था। उन्होंने मुंबई के रूपारेल कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। शरवरी ने 16 की उम्र में एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। उनके पिता शैलेश वाघ मुंबई के जाने माने बिल्डर हैं, जबकि उनकी बहन और मां नदोनों आर्किटेक्ट हैं। इतना ही नहीं शरवरी का राजनीति से काफी गहरा कनेक्शन हैं। वह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी की नातिन हैं।

शरवरी एक अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अभिनय करने से पहले पर्दे के पीछे की बारीकियां सीखीं। शरवरी ने 2015 में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपनी पारी शुरू की थी। वह लव रंजन की प्यार का पंचनामा 2 और सोनू के टीटू की स्वीटी और निर्देशक संजय लीला भंसाली की बाजीराव मस्तानी की सहायक निर्देशक रह चुकी हैं। इसके बाद 2020 में उन्होंने कबीर खान की वेब सीरीज द फॉरगॉटन आर्मी आजादी के लिए से अभिनय की दुनिया में कदम रखा।

शरवरी की पहली फिल्म बंटी और बबली 2 थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। उम्मीद थी कि बंटी और बबली की तरह इसका दूसरा भाग भी हिट होगा, लेकिन यह दर्शकों की कसौटी पर खरा नहीं उतरा और ना ही इसे समीक्षकों से हरी झंडी मिली। हालांकि, इस फिल्म में शरवरी के अभिनय की खासी तारीफ हुई और उन्हें इसके लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। आदित्य ने ही यह फिल्म बनाई थी।

आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ उनकी अगली फिल्म महाराजा में शरवरी मुख्य भूमिका निभाएंगी। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के लिए उन्होंने कथक की ट्रेनिंग भी ली है। यह एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म होगी।

# विद्युत जामवाल की आईबी71 का नया पोस्टर जारी

## 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी




विद्युत जामवाल मौजूदा वक्त में आईबी71 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि आईबी71 विद्युत की अपनी प्रोडक्शन कंपनी एक्शन हीरो फिल्म्स की पहली फिल्म है। इसमें अनुपम खेर भी हैं। हाल ही में आईबी71 धमाकेदार टीजर सामने आया था, जिसे दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला है। अब शुक्रवार को निर्माताओं ने आईबी71 का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का ट्रेलर सोमवार को जारी किया जाएगा। टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, नियमित सोमवार नहीं क्योंकि यह एक मिशन दिवस होने जा रहा है। आईबी 71 के ट्रेलर के लिए 3 दिन बाकी हैं। भारत के टॉप सीक्रेट मिशन को जानने के लिए तैयार हो जाइए। आईबी 71 12 मई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी है और एक रोमांचक स्पाई थ्रिलर फिल्म है।

हाल ही में आईबी 71 फिल्म के टीजर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा था, इंडिया का सबसे कॉन्फिडेंशियल मिशन, जिसने हमें 1971 के वॉर में जीत दिलाई. इस फिल्म के नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर संकल्प रेड्डी हैं, जो इससे पहले साल 2017 में गाजी फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं. टीजर के अलावा विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया है.

दिलचस्प बात ये है कि विद्युत जामवाल ने फिल्म आईबी71 को अपने प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो के बैनर तले को-प्रोड्यूस भी किया है. इसके अलावा टी-सीरीज, रिलायंस एंटरटेनमेंट और अब्बास सैय्यद मूवी को प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की कहानी आदित्य शास्त्री ने लिखी है. ये फिल्म 12 मई, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## आदिपुरुष का लिरिक्ल मोशन पोस्टर हुआ जारी

# धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते दिखे प्रभास



बाहुबली, साहो और राधेश्याम के बाद अभिनेता प्रभास हिन्दी भाषी दर्शकों में एक जाने माने अभिनेता के रूप में अपनी छवि बना चुके हैं। इन दिनों प्रभास अपनी आने वाली फिल्म आदिपुरुष को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाई परदे पर अवतरित होने जा रही है। फिल्म का निर्माण टी सीरीज के भूषण कुमार ने और निर्देशन ओम राउत ने किया, जो इससे पहले दर्शकों को तान्हाजी सरीखी फिल्म दे चुके हैं। अपने वीएफएक्स को लेकर आलोचना का सामना कर चुकी आदिपुरुष दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के बाद पुन-संशोधित होने लगी और अब आखिरकार फिल्म प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्ममेकर्स ने इस फिल्म का प्रमोशन करना शुरू कर दिया है। फिल्म के निर्माता-निर्देशक ओम राउत ने आदिपुरुष से आज प्रभास का एक नया पोस्टर जारी किया है। जो काफी जबरदस्त है।

सामने आए इस मोशन पोस्टर में प्रभु श्रीराम की स्तुति करते हुए भगवान राम के रूप में प्रभास का नया पोस्टर सामने आता है। जो काफी जबरदस्त है। मोशन पोस्टर के गीत को मनोज मुंतसिर शुक्ला ने लिखा और अजल अतुल ने इसे संगीतबद्ध किया है। श्रीराम की स्तुति को मनोज मुंतसिर शुक्ला ने बेहतरीन शब्दों के जरिये प्रकट किया है और उसी के अनुरूप अजय अतुल ने इसे संगीतबद्ध किया है। इस पोस्टर साँग दर्शकों और श्रोताओं को स्वयं की समाप्ति से पूर्व ही अपने साथ जोडऩे में सफल हो जाता है। इस गीत को सुनने के बाद इस बात का संकेत मिल रहा है कि यह फिल्म अपने प्रदर्शन के साथ ही दर्शकों पर एक अमिट छाप छोडऩे में सफल होगी। इस फिल्म का पोस्टर आप इस वीडियो के जरिए देख सकते हैं।

अब पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही निर्माता-निर्देशक ओम राउत अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर फिर से दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नया मोशन पोस्टर दर्शकों को काफी पसंद आया है। इस मोशन पोस्टर में भगवान श्रीराम के रूप में दिखे प्रभास को देख लोग खुश दिखे। जिसके बाद लोग जमकर इस लुक की तारीफ कर रहे हैं।

प्रभास के साथ इस फिल्म में सैफ अली खान रावण का किरदार निभाने वाले हैं। जबकि, अदाकारा कृति सेनॉन सीता के किरदार में दिखेंगी। लक्ष्मण के किरदार की जिम्मेदारी फिल्म निर्माताओं ने सनी सिंह को सौंपी है। जबकि, देवदत्त नागे फिल्म में हनुमान का किरदार निभाने वाले हैं। इस फिल्म को भूषण कुमार के टी-सीरीज बैनर के तले बनाया गया है।

# क्या आप भी कोल्ड ड्रिंक की बोतल में पानी भरकर रखते हैं? अगर हां तो इस वजह से आज ही बंद कर दें

हम भारतीय काम से ज्यादा जुगाड़ के लिए जाने जाते हैं. किसी भी काम को जल्दी और आसानी से करने के लिए हम तरह-तरह के जुगाड़ का इस्तेमाल करते हैं. जैसे खत्म हो रहे टूथपेस्ट से पेस्ट निकालना हो या पजामा में नाड़े डालने का काम पेन के जरिए करना हो. हमारे पास हर प्रॉब्लम का एक खास जुगाड़ होता है. इसी जुगाड़ के जरिए हम हर काम करने की कोशिश करते हैं.



### कोल्ड ड्रिंक की बोतलों में पानी

गर्मी आते ही फ्रिज को हम पानी और कोल्ड ड्रिंक से भर देते हैं. घर में गेस्ट आए या घर के ही लोग ज्यादा से ज्यादा पानी पीते हैं. फ्रिज में फैंसी बोतलों के साथ कोल्ड ड्रिंक के बोतल में भी पानी भरकर रख दिया जाता है. ऐसा हम भारतीय इसलिए करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि कोल्ड ड्रिंक की बोतल तो अभी एकदम नई है. इसमें कुछ दिन पानी डालकर इसका यूज किया जा सकता है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आपका यह जुगाड़ आपकी हेल्थ के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है. इसलिए ऐसा करने से एकदम परहेज करें.

### इससे होते हैं हेल्थ को गंभीर नुकसान

कोल्ड ड्रिंक हो या मिनरल वॉटर की बोतल उसमें कई दिनों तक अगर आप पानी भरकर रखते हैं तो इसका नुकसान सीधा आपके सेहत पर पड़ेगा. दरअसल, इन बोतलों में अगर आप काफी लंबे वक्त पानी भरकर रखते हैं तो इसमें फ्लोराइड और आर्सेनिक जैसे खतरनाक तत्व बनने लगते हैं. इससे शरीर को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचता है. साइंटिस्ट का मानना है कि यह शरीर के लिए स्लो पॉइजन है.

### कैंसर होने का खतरा रहता है

रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लास्टिक के बोतल में रखे पानी सीधा आपकी इम्युनिटी पर हमला करती है. इसलिए कहा जाता है कि महंगी से महंगी प्लास्टिक के बोतल में पानी न पिएं. क्योंकि पलास्टिक के बोतल में पैदा हुए कैमिकल शरीर पर गहरा असर डालता है. प्लास्टिक में मौजूद फैथलेट्स जैसे केमिकल लिवर पर गंभीर रूप से असर करती है. और यह लिवर को बीमार भी कर सकती है. ज्यादा देर तक प्लास्टिक के बोतल में पानी रखने से बीपीए पैदा होता है. बीपीए एक ऐसा केमिकल है जो शरीर में मोटापा, डायबिटीज और दूसरी कई तरह की बीमारियों का कारण बन सकती है. इसे बाइफिनाइल ए कहा जाता है. प्लास्टिक के बोतल में रखे पानी पर सूरज की रोशनी पड़ती है तो वह धीरे-धीरे उसे जहर बनाने लगती है. और यह कैंसर का कारण भी बन सकता है.

# बोल्ड होती जा रहीं हैं रोमियो जूलियट फेम हंसिका मोटवानी



टीवी से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस फोटोशूट के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हॉटनेस को देख उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ लेटेस्ट स्टनिंग लुक्स की तस्वीरों ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। हंसिका मोटवानी ने अपनी दमदार एक्टिंग और स्टाइलिश लुक्स से लोगों के बीच अपनी एक खास पहचान बनाई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच अक्सर चर्चाओं का विषय बन जाती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर एक बार फिर इंटरनेट का टैम्परेचर हाई कर दिया है। हंसिका मोटवानी अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में ग्रीन कलर के शॉर्ट्स और क्रॉप टॉप पहने हुए दिखाई दे रही हैं, साथ ही ड्रेसअप को और अच्छा निखारने के लिए एक्ट्रेस ने कोट भी कैरी किया है। हाई हील्स, खुले बालों को लहराते हुए और साथ ही न्यूड लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस हंसिका ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। उनके इस शानदार लुक को देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेजी से बढ़ने लगी हैं। हंसिका मोटवानी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस खूब सारा प्यार लूटाते हैं और कॉमेंट्स में उनकी हॉटनेस की तारीफ करते हुए रिस्पॉन्स भी देते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### तालाबों को सहेजने कलेक्टर ने की पहल

**रायगढ़।** तालाब हमारे आस पास जन जीवन का अभिन्न अंग है। यह न केवल गांवों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल उपलब्ध कराते हैं बल्कि ग्रामीण जन जीवन और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महती भूमिका निभाते हैं। आज जब गर्मी की चपेट में आकर जल स्त्रोतों के सूखने की खबरें आती रहती है। ऐसे समय में रायगढ़ जिले में कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और जरूरी पहल की है। उन्होंने गांवों में ऐसे तालाब जिनका अस्तित्व सिमटता जा रहा था उसे फिर से पल्लवित कर उन्हें सहेजने की आधारशिला रखी है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले में तालाबों के गहरीकरण और गाद-सफाई का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके लिए जिले के विभिन्न उद्योगों को भी जोड़ा गया है। प्रोजेक्ट के लिए जिले के 7 विकासखंड के 60 तालाब चिन्हांकित किए गए हैं। 42 तालाबों के गहरीकरण का कार्य शुरू भी कर दिया गया है। शेष के काम अगले कुछ दिनों में शुरू हो जायेंगे। ताकि बारिश के पहले तालाबों को गहरा कर उसकी साफसफाई पूरी की जा सके।

तालाब गहरीकरण का यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता लेकर किया जा रहा, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए जिला स्तर पर नोडल अफसर बनाया गया है। ताकि काम के डेली प्रोग्रेस को मॉनिटर किया जा सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले में जल प्रबंधन को टॉप प्रायोरिटी में रखा है। पिछले दिनों उनकी पहल पर 'केलो है तो कल है' की सोच के साथ केलो नदी संरक्षण प्रोजेक्ट की नींव नदी के उद्गम से रखी गई है। इसके साथ ही अब गांवों में जलस्त्रोतों को उनके पुराने स्वरूप देने का भी कार्य शुरू किया गया है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके लिए उद्योग प्रतिनिधियों की विशेष बैठक लेकर कहा था कि किसी एक तालाब के गहरीकरण से उस गांव की कई जरूरतें एक साथ पूरी होती हैं। भू-जल का स्तर उठता है। निस्तारी के साथ ग्रामवासियों और पशुपालकों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए पानी उपलब्ध होता है।

### स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी - चंदन कुमार

**जगदलपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जिले में गाड़ियों के शोरूम द्वारा कार मालिकों को कूड़ेदान वितरित करके उचित कचरा प्रबंधन को बढ़ावा दे रहे हैं, इससे लोगों को अपने आस-पास का वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। इस अवसर पर बस्तर जिले में कचरा प्रबंधन के बारे में लोगों को शिक्षित करने की आवश्यकता और कचरे को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने के लिए उठाए जा सकने वाले विभिन्न कदमों के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रतिज्ञा प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। उचित कचरा प्रबंधन के महत्व और साथ ही साथ विभिन्न विषयों जैसे स्वच्छ वातावरण बनाने में सामूहिक एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारी, स्त्रोत पर कचरे को अलग-अलग करना, कचरे को इधर उधर नही फ़ेकने, और सही कूड़ेदान का उपयोग करना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 से अधिक लोगों ने जिसमें शोरूम मालिकों के साथ-साथ बस्तर के नागरिकों ने सूखे और प्लास्टिक कचरे को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने की शपथ ली। साथ ही साथ सिंगल-यूज (एसयूपी) प्लास्टिक के विकल्पों का उपयोग करने, पुन: उपयोग किए जाने वाले कपड़े का थैले का इस्तेमाल करने, कचरे को निर्धारित कूड़ेदान का इस्तेमाल करने, सूखे और गीले कचरे को स्त्रोत पर ही अलग करने, आदि का संकल्प लिया।

सामाजिक उन्नति के लिए शासन कर रही लगातार महत्वपूर्ण कार्य

# कैबिनेट मंत्री अकबर ने कंडरा समाज के सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सहसपुर में 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। ग्राम सहसपुर पहुंचने पर यादव समाज द्वारा पारम्परिक खुमरी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही मंत्री श्री अकबर ने कवर्धा के वार्ड नंबर 27 में 10 लाख रूपए की लागत से कंडरा समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।**



उन्होंने सामाजिक भवन निर्माण के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा लीला धनुक वर्मा, राज्य कृषक कल्याण परिषद सदस्य भगवान सिंह पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लोहारा श्रीमती अनारा बाई, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा श्रीमती मंजू शरद बंगाली, नीलू चंद्रवंशी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू, उपाध्यक्ष नगर पंचायत लोहारा अजय यादव, कलीम खान, सनत जायसवाल, रामचरण पटेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री अकबर ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को विकास के मुख्य धारा में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। समाज की मांग पर सामुदायिक भवन की घोषणा की गई और आज भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया। सामुदायिक भवन निर्माण होने से समाज के समाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सहुलियत होगी। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि आर्थिक, समाजिक, शैक्षिणिक रूप से पिछड़े लोगों की जीवन उत्थान और पिछड़े क्षेत्रों का समुचित विकास करना छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। सभी वर्गो के हितों एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और जनहित से जुड़े मांग, समस्याओं का प्राथमिकता में निदान भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम आगे भी समाज के उत्थान और उन्हे विकास के मुख्यधारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में नव निर्मित सभाभवन का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभाभवन बन जाने से बैठक एवं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधा होगी। उन्होंने सभी को नव निर्मित सभाभवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शासन ने नागरिकों से वादा किया था उसे पूरा किया है। धान खरीदी हमारी प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल चार वर्षों से किसानों से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी कर रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को सीधे उनके बैंक खातों में राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक जिनके पास जमीन नहीं है, जो खेती किसानी कर मजदूरी करते है उनके लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत शासन साल में 7 हजार रुपया प्रतिवर्ष उनके खाते में दे रही है। शासन के आने के बाद किसानों की सिंचाई कर की माफी हुई है। शासन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य सबके लिए राशन कार्ड बनाना प्राथमिकता है, जिसे पूरा करते हुए शासन द्वारा सभी का राशन कार्ड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई राशन कार्ड बनाने से छूट गया है उनके द्वारा आवेदन करने पर राशन कार्ड पात्रता के अनुसार बना कर दिया जाएगा। कोई भी इससे वंछित नही रहेगा।

विभिन्न वार्डों से शिकायत मिलने पर विधायक पहुंचे जल संकट क्षेत्र

## शिवनाथ में पानी पर्याप्त तकनीकी कारणों को दूर करे प्रशासन -वोरा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** गर्मी का पारा बढ़ रहा है पानी की खपत बढ़ रही है वही पिछले कुछ दिनों से पानी समस्या की शिकायत लगातार बढोत्तरी हो रही है रोज किसी न किसी कारण से जलआपूर्ति प्रभावित हो रही है जिसके पीछे नदी में पानी की कमी नहीं बल्कि तकनीकी कारण हैं। डीएमएफसे स्वीकृत 1.6 करोड़ के पंप तीन निविदाएं होने के बाद भी अब तक नहीं लगाए जा सके हैं। बार बार इंटकवेल में कचरा जमने एवं जलकुंभी के जमावड़े के पीछे नाला डायवर्सन का अधूरा काम है।

आए दिन विभिन्न वार्ड के नागरिकों एवं पार्षदों से शिकायत मिलने पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने मौके पर जा कर वस्तुस्थिति का निरीक्षण किया एवं जिम्मेदार अधिकारियों की क्लास लगाई। शहर में जलसंकट निपटान के लिए इंटक वेल में कचरा सफाई स्वयं अपने सामने करवाने के साथ ही कलेक्टर से जल्द डी एम एफ फंड से बोर खनन के लिए प्रस्ताव दिया। जवाहर नगर में कुछ दिनों से पानी की नलों में धार कम होने से वार्ड 17 , 18 के निवासियों ने विधायक व महापौर को बुलाकर रोष प्रकट किया व जल्द निपटान की दिशा में कार्य के लिए गुहार लगाई थी। वोरा ने जल विभाग के अधिकारियों को बुलाकर पूछताछ की ।

अधिकारियों ने जानकारी में बताया गया कि बार बार इंटक वेल में कचरा आने से नदी से ओवरहेड टँकी में पानी भरपूर नही पहुँचता जिससे घरों में जाने वाला पानी का प्रेशर कम व कम समय के लिये नल खुलता है पूर्व में नदियों में मोटर पंप की कैपेसिटी कम लगी हुई है नए मोटर पम्प लगने से टँकीयो को भरपूर पानी मिलेगा निविदा हो चुकी है मोटर आने में समय लग रहा है वोरा ने कहा कि जल्द मोटर लगवाये ब प्रशासन जिम्मेदारी से जनता को जल् संकट से मुक्ति दिलाए। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा की गई किसी भी लापरवाही के लिए जनता को परेशानी ना हो इसके लिए ठोस कदम तत्काल उठाए जाएं।

# ब्राम्हण समाज ने मनाया भगवान परशुराम की जयंती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के विप्र ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुरामजी की जयंती नगर के ब्राम्हण समाज के भवन में धूमधाम के साथ मनाया गया।जहां सामुहिक रूप से समाज के लोगो के द्वारा समाज के भवन में सुबह भगवान परशुराम जी का पूजा अर्चना कर महाआरती किया गया।उसके पश्चात पूरा दिन रामायण सुंदर पाठ का आयोजन किये।**

शाम होते ही पुन: परशुरामजी की पूजा अर्चना के पश्चात समाज के लोगो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किये जिसमे ब्राम्हण समाज के पाँच मातृ शक्ति और पांच पितृ शक्ति का सम्मान कर उन्हें भगवान परशुरामजी का फोटो श्री फल भेंट करते हुए फूलमाला पहनाया गया इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने भगवान परशुराम के ऊपर सम्बोधन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम विष्णु जी के छठे अवतार है।किंतु झूठे नरेटिव रचकर परशुरामजी को केवल ब्राह्मणों के भगवान तक सीमित करने का कुत्सित प्रयास किया गया जबकि परशुराम सभी सनातनियों के समान रूप से भगवान है।सनातन को बांटने वाली शक्तियों ने पौराणिक कथाओं को तोड़ मरोड़कर ब्राह्मण और क्षत्रियों के मध्य द्वंद्व पैदा करने का घृणित कार्य किया जिसमें कहा गया है कि परशुराम ने धरती से 21 बार समस्त क्षत्रियों का समूल संहार किया था।जातियों में बंटे सनातन को इस एक पंक्ति से बांटना और भी सरल हो गया क्योंकि इसके पीछे के कथासार का अर्थ समझने और समझाने की कभी चेष्टा नही की गई।सनातन में जातियां नही थी वर्ण था,यहां क्षत्रिय से अभिप्राय जन्म से क्षत्रिय नही अपितु उन राजाओं से था जिनका कर्तव्य क्षात्र धर्म था परन्तु वे विधर्मी बन गए।परशुरामजी ने उनके पिता जमदग्नि ऋषी की हत्या करने वाले सहस्त्रबाहु कुल का समय समय पर 21 बार संहार किया था ना कि समस्त क्षत्रिय कुल का,यह मूल मर्म समझना आवश्यक है। त्रेतायुग मे जन्मे परशुरामजी के रघुवंश से मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध रहे.महाराज दशरथ से लेकर जनक जी के साथ उनके आदरपूर्ण सम्बन्ध रहे।क्षत्राणी अम्बा के सम्मान हेतु ही परशुरामजी ने भीष्म से युद्ध किया.किंतु सनातन विरोधियों ने ब्राह्मण व क्षत्रिय वर्ण को आपस में बांटने के लिए अर्थ का अनर्थ कर झूठे नरेटिव सेट किये।संबोधन के पश्चात भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री शामिल हुए साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में

# दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 16 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम गातापार में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह, भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव और भामाशाह जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 16 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।**



मुख्यमंत्री ने पाटन में साहू समाज के सामाजिक भवन के लिए 50 लाख रूपए और गातापार तलाब सौंदर्यीकरण की घोषणा भी की। साहू समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 1007 दीप का प्रज्वलन कर माँ कर्मा देवी की महाआरती के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है।

सामाजिक जागरूकता और संगठन शक्ति की बदौलत यह समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले 20 वर्षों से साहू समाज द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, यह उनकी प्रगतिशीलता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राजीम माघी पुन्नी मेला के लिए राजीम में 55 एकड़ जमीन आबंटित की गई है, जहां पहुंच मार्ग बनाने से लेकर साधु व संत जनों के लिए धर्मशाला का निर्माण, डोम का निर्माण व अन्य निर्माण कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने समाज के पदाधिकारियों को प्रत्येक निर्णय सामाजिक हित में लेने की बात कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि व साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 57 लाख के कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन भी किया। लोकार्पित कार्यों में गातापार में 25 लाख रूपए की लागत से पानी टंकी, 6.50 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन, 3.50 लाख रूपए की लागत से सार्वजनिक शौचालय, 3 लाख रूपए की लागत से रंगमंच, 2 लाख रूपए की लागत से कर्मा भवन का जीर्णोद्धार, उमरपोटी में 2 लाख रूपए की लागत से रंगमंच, 10 लाख रूपए की लागत से शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं गोडाउन और 5 लाख रूपए की लागत से शीतला मंदिर प्रांगण में जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन शामिल है।

प्रणय प्रदेश के बेरोजगार युवाओं की ओर से मुख्यमंत्री बघेल का कर रहा धन्यवाद

# बेरोजगारी भत्ता की राशि से किसान का बेटा करेगा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी। बेहतर और सुरक्षित भविष्य बनाना हर युवा का सपना होता है और इस मुकाम तक पहुंचने का एक मार्ग है पढ़ाई। क्योंकि ज्ञान ही है जो व्यक्ति को सर्वोच्च शिखर तक ले जाता है। देश में ऐसे कई विभूतियां हुई है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद ज्ञान प्राप्त कर देश के उच्च पदों पर आसीन होकर देश सेवा की है या कर रहे है।**




संपन्न परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्राप्ति हेतु वे सभी सुविधायें समय पर बिना किसी रूकावट के प्राप्त हो जाती है, किन्तु कुछ ऐसे भी परिवार होते हैं जिनके बच्चे पढ़ना तो चाहते है, किन्तु आर्थिक स्थिति या पारिवारिक बोझ अधिक होने के कारण उनके माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान नहीं कर पाते हैं।

ऐसे ही परिवार और बेरोजगार युवाओं की समस्याओं पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार कर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगार भत्ता योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत् प्रदेश के सभी पात्र बेरोजगार युवाओं को 2 हजार 500 रूपये प्रतिमाह उनके खातें में अंतरित किये जायेंगे, जिससे इन युवाओं को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी।

धमतरी जिले के ग्राम पुरी में रहने वाले बेरोजगार युवक प्रणय साहू ने बताया कि वह एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार का बेटा है। उसके पिता अपने 4 एकड़ खेत में खेती-किसानी का काम कर उसकी पढ़ाई बीएससी उद्यानिकी में करवा रहे हैं और प्रणय खुद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है, ताकि अच्छी नौकरी पाकर वह अपने परिवार की जिम्मेदारियों में सहयोग प्रदान कर सके। आज के इस प्रतियोगी समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें खरीदने और फीस आदि भरने में बहुत अधिक खर्च होता है, और घर की परिस्थिति को देख पिता जी से इन सब के लिए पैसे मांगने की हिम्मत नहीं होती।

लेकिन अब इन सब की जिम्मेदारी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ले ली है। उन्होंने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सुनहरा भविष्य गढने के लिए बेरोजगार भत्ता योजना की शुरूआत जो की है। इस योजना की जानकारी मिलने पर उसने ऑनलाईन पंजीयन कर उसने अपने दस्तोवजों का सत्यापन कराया है और अब वह बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए पात्र हो गया है। प्रणय कहता है कि बेरोजगारी भत्ता योजना से मिलने वाले इन पैसों का सदुपयोग वह प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, फीस और कोचिंग आदि में करेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की इस योजना से प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को अपने सपनो को पूरा करने में मिलेगी मदद। प्रणय अपनी और सभी बेरोजगार युवाओं की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दे रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के बेरोजगारों को 25 सौ रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा तथा योजना के अमल के बाद धमतरी जिले के युवाओं में इस योजना का लाभ लेने के लिए जोश देखा जा रहा है। युवाओं द्वारा इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। अब तक जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड तथा नगरी और सभी नगर पंचायतों क्षेत्रों से 5 हजार 334 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हो गए है। अब तक 3 हजार 961आवेदन अनुशंसित किए गए है, जिसमे से 2 हजार 849स्वीकृत किये गए हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### राजधानी रायपुर में युवक ने पत्नी व बच्चे की हत्या कर खुद लगा ली फांसी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शनिवार को एक ही घर में तीन लोगों की लाशें मिलने से हड़कंप मच गया। महिला व बच्चे का शव बिस्तर पर पड़ा था और पुरुष का शव फांसी पर लटका हुआ था। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में मौके पर पुलिस को चूहे मारने की दवा मिली है। मृतकों की शिनाख्त तुकेश सोनकेवरे (27) उसकी पत्नी निक्की उर्फ नितिक्षा सोनकेवरे (24) और उनके बेटे निहाल के रूप में हुई है।

यह पूरा मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। तुकेश सोनकेवरे अपनी पत्नी व बच्चे के साथ यहां रहते हैं। शनिवार सुबह काफी देर तक इनके घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसी उनके घर पहुंचे। दरवाजा अंदर सं बंद था और काफी खटखटाने के बाद भी कोई खोलने नहीं आया। इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा खुलवाया तो नजारा देखकर हैरान रह गई। इसके बाद पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और इसी वजह से पति तुकेश ने अपनी पत्नी नितिक्षा व बेटे की हत्या की और खुद फांसी पर झूल गया।

### ठेकेदार की लापरवाही से हुई थी दो मजदूरों की मौत, जांच में खुलासा, अपराध दर्ज

**बालोद (ए)।** जिला मुख्यालय के रामदेव चौक स्थित हितेश जैन के निर्माणाधीन मकान से काम करने के दौरान गिरने से मजदूर राजू पटेल एवं महेन्द्र ठाकुर की मौत हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की। घटना स्थल का निरीक्षण किया। जांच में यह पाया गया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। घटना स्थल पर काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। इस मामले में बालोद थाने में ठेकेदार योगेश कुमार साहू के खिलाफ धारा 304-ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस की जांच रिपोर्ट के अनुसार दोनों मजदूर 27 मार्च को सुबह 10.30 बजे मकान में लिफ्ट के लिए अलग से कमरा का निर्माण करने चैली पर खड़े होकर काम कर रहे थे। इसी दौरान लकड़ी के बल्ली से बनी चैली टूट जाने से दोनों मिस्त्री नीचे गिर गए। सिर पर गंभीर चोट आने के कारण दोनों की मौत हुई। ठेकेदार योगेश साहू ने निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों की सुरक्षा के संबंध में लापरवाही बरती। जिसके चलते हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार मृतक राजू पटेल (39) चिल्हाटी व महेंद्र भुआर्य (43) तरौद के रहने वाले थे।

# 25 लाख की लॉटरी की झांसा, ठगी की शिकार महिला ने की थी खुदकुशी, गिरफ्तार आरोपियों का पाकिस्तानी कनेक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में ठगी की शिकार एक महिला ने खुदकुशी कर ली। उससे केबीसी में 25 लाख की लॉटरी लगने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये की ठगी की गई थी। पुलिस ने इस मामले में बिहार से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क सामने आया है। जांच में पता चला है पाकिस्तान और नेपाल से ठग वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसके लिए भारत में ही कुछ लोगों के जरिए यह पूरा नेटवर्क चल रहा है। फिलहाल सीतापुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



25 लाख की लॉटरी जीतने का दिया था झांसा सरगुजा एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि लिचिरमा निवासी सेवंती पैंकरा (45) पत्नी स्व. मानिकचंद ने करीब एक माह पहले 23 मार्च को पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान पता चला कि उसके मोबाइल में कुछ दिनों पहले एक युवक ने केबीसी के नाम पर फोन कर 25 लाख रुपये की लॉटरी लगने का झांसा दिया था। महिला जब उसके झांसे में आ गई तो प्रोसेसिंग फीस के रूप में कुछ राशि जमा कराने के लिए कहा। महिला ने पैसे डाले तो युवक बार-बार फोन कर मांगने लगा। किस्तों में रुपये कराए ट्रांसफर यह भी सामने आया कि 23 मार्च को सेंवती के पास फोन आया कि 15 हजार डालते ही खाते में 25 लाख ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। इस पर महिला अपनी बहू के साथ ग्रामीण बैंक पहुंची और 15 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ही लॉटरी की रकम उसके खाते में नहीं आई। इसके चलते वह काफी परेशान हो गई। ठगों ने थोड़ा-थोड़ा कर उससे डेढ़ लाख रुपये ठग लिए थे। इसी परेशानी में सेंवती पैंकरा ने पुल के ऊपर से कूदकर अपनी जान दे दी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों तक पहुंची।

विशेष टीम ने सात को किया गिरफ्तार ठगी कि रकम से जिन-जिन खातों में राशि का ट्रांसजेक्शन हुआ था, उन खातों के संबंध मे संबंधित खाता धारकों का केवाईसी डिटेल और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर विशेष टीम ने प्राप्त कर मामले की जानकारी ली। पैसों का ट्रांजेक्शन बिहार के पूर्णिया, कटिहार और आरा में होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने मनमोहन उर्फ मनीष मंडल, प्रदुमन कुमार सिंह, चक्रवर्ती आनंद, वलिउआल रियाज, शिवेन्द्र कुमार, आशीष मंडल और मो. साहीद आलम को गिरफ्तार कर लिया। इसके मास्टरमाइंड शिवेंद्र कुमार व वलिउल्लाह बताए गए हैं।

आईपी एड्रेस से मिला पाकिस्तान कनेक्शन एसपी ने बताया कि विवेचना में सेवती से जिन व्यक्तियों से बात हुई उनके मोबाइल और व्हाट्सअप नंबर की जानकारी ली। मोबाइल नंबर का आईपी एड्रेस पकिस्तान का होना पाया गया। जांच में पता चला कि पाकिस्तान में बैठे ठग केबीसी में लाटरी लगने का झांसा देकर लोगों को शिकार बना रहे हैं। वे भारत में निचले तबके के लोगों का बैंक एकाउंट खुलवाकर स्वयं आनलाइन खाता आपरेट करते हैं। इसके एवज में वे यहां के लोगों को चार से 10 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को मारी ठोकर, 1 की मौत, दूसरा गंभीर

**डोंगरगांव (ए)।** डोंगरगांव-राजनांदगांव रोड में अमलीडीह के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से 15 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। तीन दिन पहले ही इसी जगह पर सिंचाई विभाग के कर्मचारी को ट्रेलर ने रौंद दिया था।



जानकारी के मुताबिक डोंगरगांव के सेवता पारा में रहने वाला 15 वर्षीय मोनिश जांगड़े अथर्व के साथ राजनांदगांव आया था, जहां से काम निपटाने के बाद रात 8 बजे बाइक से घर लौट रहा था। दोनों अमलीडीह के पास पहुंचे थे, तभी उन्हें विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई थी। उन्हें एंबुलेंस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही मोनिश ने दम तोड़ दिया।

वहीं अथर्व की स्थिति को देखते हुए उसे राजनांदगांव के निजी हॉस्पिटल में दाखिल किया गया है। अमलीडीह हिस्से में हो रहे हादसों से ग्रामीणों में भी आक्रोश की स्थिति है। उक्त स्थल में सड़क हादसों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महीनेभर में ही पांच मौतें इस जगह पर हो चुकी है। तीन दिन पहले ही मोंगरा बैराज के लिपिक शंकर लाल वर्मा की भी ट्रेलर की ठोकर से इसी जगह मौत हो गई थी। पुलिस प्रशासन व्यवस्था सुधारने गंभीर नहीं हैं।


### एक ओर फैक्ट्री, दूसरे हिस्से में ढाबा से दिक्कत

जिस हिस्से में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। वहां एक ओर एबीस की फैक्ट्री है। जहां आने वाली ट्रकों की कतार सड़क पर ही लगी रहती है। इससे सड़क के ज्यादातर हिस्से में ट्रकों का कब्जा रहता है। वहीं दूसरी ओर झंकार ढाबा है। जहां पहुंचने वाले लोग भी वाहनों की पार्किंग सड़क से लगकर करते हैं।

### कंपनी की बाइक लेकर सेल्स मैनेजर फरार

# बालाजी आयरन कंपनी ने मार्केटिंग के लिए दी थी बाइक, नौकरी से निकालने पर गाड़ी लेकर भाग गया

**रायपुर (ए)।** रायपुर के समता कॉलोनी में लोहा कंपनी का सेल्स मैनेजर कंपनी की गाड़ी को लेकर फरार हो गया। बालाजी आयरन नाम की कंपनी ने मैनेजर को काम करने के लिए बाइक दी हुई थी। जब कंपनी ने आरोपी को बुरे परफॉर्मेंस के चलते नौकरी से निकाला, तो वो कंपनी की गाड़ी लेकर फरार हो गया। मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है।




जानकारी के मुताबिक, महोबा बाजार निवासी बालाजी आयरन कंपनी के मालिक विनीत गुप्ता ने पुलिस को बताया कि साल 2021 में बिहार के रहने वाले बुलेट दुबे को कंपनी ने सेल्स मार्केटिंग मैनेजर के पद पर रखा था। वो अलग-अलग संस्थानों में जाकर कंपनी के लिए ऑर्डर लेता था। इस काम के लिए कंपनी ने उसे 60 हजार रुपए की हीरो एक्सट्रीम बाइक दी थी। जब मैनेजर की परफॉर्मेंस सही नहीं लगी, तो उसे नौकरी से निकालकर गाड़ी कंपनी में जमा करने के लिए कहा गय, लेकिन वो गाड़ी लेकर फरार हो गया।

कंपनी के लोगों ने मैनेजर के घर पर जाकर उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं मिला। उसने अपना फोन भी स्विच ऑफ कर दिया है। जिसके बाद कंपनी के मालिक ने आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज करवाई है। पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है।

### स्पोर्ट बाइक लेकर युवक हुआ था फरार

इस तरह के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। अभी रायपुर में कुछ दिनों पहले OLX में विज्ञापन देखकर एक व्यक्ति स्पोर्ट बाइक का टेस्ट ड्राइव करने तेलीबांधा थाने के सामने पहुंचा था। आरोपी ने थाने के सामने टेस्ट ड्राइव का वीडियो बनवाया और फिर मालिक के पास मोबाइल फोन छोड़कर गाड़ी लेकर फरार हो गया था।

### दोस्ती, प्यार और नाबालिग से रेप

# प्रेमजाल में फंसाकर राजस्थान ले गया युवक वहां किया दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की एक नाबालिग लड़की का राजस्थान के एक युवक ने रेप किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि, युवक ने नाबालिग से पहले सोशल मीडिया में दोस्ती की। उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। फिर भगाकर राजस्थान में अपने गांव ले गया। जहां उससे दुष्कर्म भी किया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला विश्रामपुरी थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, 13 फरवरी को नाबालिग के परिजनों ने थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि, उनकी बेटी सहेली के घर जा रही हूं कहकर घर से निकली थी। जिसके बाद वो घर ही नहीं लौटी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। जिसमें पुलिस को पता चला कि, राजस्थान के एक युवक रविनाथ योगी (21) के साथ लड़की की सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हुई थी।

युवक ने नाबालिग को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। फरवरी माह में लड़की को उसके गांव से भगाकर राजस्थान ले गया। उसे अपने घर में रखा था। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने एक टीम बनाई थी। टीम को कुछ दिन पहले ही राजस्थान के झालावाड़ जिले रवाना किया गया था। जिसके बाद जवानों ने युवक के घर में अचानक दबिश दी। नाबालिग को छुड़ाया गया। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है।

इधर, पुलिस अफसरों ने बताया कि, नाबालिग का मेडिकल जांच करवा कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही आरोपी युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। दरअसल, कुछ दिन पहले भी कोंडागांव पुलिस ने एक युवती का रेप करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन तीनों आरोपियों को भी जेल भेज दिया गया है।

### साइबर सेल और लैलूंगा पुलिस की कार्रवाई

# नाका तोड़कर भागने लगा कार का चालक पुलिस ने पकड़ा तो मिला 93 किलो गांजा

**रायगढ़ (ए)।** कार में ओडिशा से गांजा लेकर लैलूंगा पहुंचे एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 11 लाख रुपए से अधिक कीमत का 93 किलो गांजा जब्त किया है। एसएसपी को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद साइबर सेल और लैलूंगा पुलिस को कार्रवाई के लिए भेजा था। पुलिस टीम को देखकर पहले एक आरोपी भाग निकला। दूसरे आरोपी ने बेरिकेड तोड़कर निकल भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे धर-दबोचा।



आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। तस्कर अब ओडिशा से लैलूंगा के रास्ते गांजे की सप्लाई कर रहे हैं। एसएसपी सदानंद कुमार को मुखबिर से सूचना मिली तो उन्होंने साइबर सेल को कार्रवाई का जिम्मा दिया। गांजा की खेप पहुंचने से लेकर उसके सप्लाई प्वाइंट तक का पता लगाने के निर्देश दिए। सूचना मिली थी कि रात के समय आरोपी गाड़ियों की नंबर प्लेट बदलकर गांजा लाते हैं। पुलिस को वहां नजर रखने कहा गया।

पुलिस ने नाकेबंदी की। 20-21 अप्रैल की मध्यरात्रि ओडी-33 जे 0003 नंबर की कार आती देख पुलिस की टीम ने कार का पीछा किया तो बदमाश बेरिकेड तोड़कर भागने लगे। इसी बीच एक आरोपी उतरकर भाग गया। पुलिस को तड़के 3:30 कोतबा रोड ग्राम कुपाकानी डामर प्लांट के पास गाड़ी में हेमसागर यादव (18) बैठा हुआ मिला। वह केन्दाटिकरा थाना लैलूंगा का रहने वाला है। पुलिस ने तलाशी ली तो कार में तीन प्लास्टिक बोरे में 93 पैकेट्स मिले। इसमें 11 लाख 16 हजार रुपए का 93 किलो गांजा मिला।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# अमन व सलामती की दुआओं के साथ मनी ईद उल फितर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में शनिवार को ईद उल फित्र की रौनक रही। इस दौरान शहर की तमाम ईदगाह और मस्जिदों में नमाज़ ईद उल फित्र सुबह-सवेरे अदा की गई। जिसमें नमाज के बाद दुआओं में अमन व सलामती के लिए हजारों हाथ उठे। इस मौके पर शहर में भाईचारे और सद्भाव का अनूठा माहौल देखने को मिला।विभिन्न धर्म व समुदाय के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

मस्जिदों के अलावा शहर के कब्रिस्तान में भी ईद उल फित्र की रौनक रही। जहां लोग नमाज के बाद पहुंचे और अपने परिजनों की कब्र पर दुआएं की।

ईद उल फित्र के मौके पर शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह के वक्त विशेष नमाज हुई। बड़ी तादाद में नमाजियों के पहुंचने की वजह से जिला व पुलिस प्रशासन में खास तौर पर इंतजाम किए थे। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी व्यवस्था बनाने में तैनात रही।

जामा मस्जिद सेक्टर-6 में नमाज के बाद मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। सांप्रदायिक तनाव पर जताई फिक्र, कब्रिस्तान की लगी जमीन की मांग सेक्टर 6 ईदगाह में नमाज के बाद भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की सालाना रिपोर्ट पेश करते हुए सदर हाजी जमील अहमद ने मुल्क और छत्तीसगढ़ में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव व हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर फिक्र जताई।

उन्होंने प्रतिवेदन में शासन-प्रशासन से मांग की कि छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे तत्वों को, चाहे किसी भी धर्म या संप्रदाय के हों, उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में भिलाई नगर के मुसलमानों की ओर से कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग शासन से की। उन्होंने कहा कि मौजूदा कब्रिस्तान पूरी तरह भर चुका है और बढ़ती आबादी को देखते हुए नए कब्रिस्तान के लिए जमीन बेहद जरूरी है। ईदगाहों में जिनकी नमाजें छूट गईं थी, उनके लिए मस्जिदों में अलग से नमाज का इंतजाम किया गया।

सेक्टर-6 के अलावा ईदगाह रिसाली , ईदगाह फरीद नगर, रजा जामा मस्जिद कैम्प-2 पावर हाउस, गौसिया मस्जिद कैंप-1, हाउसिंग शेरे खुदा मस्जिद ईदगाह,अशरफी मस्जिद जोन-3 खुर्सीपार, मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2, मरकज मस्जिद नूर सुपेला, जामा मस्जिद हुडको, मस्जिद भिलाई-3 पेट्रोल पंप के पीछे, चरोदा, कुम्हारी, जामुल सहित तमाम मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। ईद उल फित्र के मौके पर ईदगाह सेक्टर 6 में विभिन्न धर्म व संप्रदाय के लोगों ने पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## खास - खबर

### दीक्षांत समारोह में कुल 126 स्वर्णपदक एवं 13 पीएचडी डिग्री प्रदान की जायेंगी

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के 24 अप्रैल 2023 को शाम 3:00 बजे आयोजित होने वाले प्रथम दीक्षांत समारोह में जिन 126 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्णपदक प्रदान किये जायेंगे तथा 13 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जायेगी। इन 126 स्वर्णपदकों में वें स्वर्णपदक भी शामिल है जो किसी विषय विषेष में सर्वाधिक अंक प्रदान करने हेतु दानदाताओं द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं। प्रथम दीक्षांत समारोह को लेकर सम्पूर्ण विष्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। इसके साथ-साथ जिन छात्र-छात्राओं को स्वर्णपदक अथवा पीएचडी डिग्री प्राप्त होने वाली है वें प्रत्येक बिन्दु की जानकारी प्राप्त करने हेतु लगातार विष्वविद्यालय में उपस्थित हो रहे हैं। हैं। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दीक्षांत समारोह की तैयारियां लगभग पूर्णतः की ओर है रविवार को अवकाष का दिन होने के बावजूद विष्वविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा भी रविवार के दिन बीआईटी के आडिटोरियम में रिहर्सल हेतु उपस्थित रहेंगी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह के ग्रैण्ड रिहर्सल के दौरान सभी पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले तथा स्वर्णपदक विजेताओं को दोपहर 2:00 बजे बीआईटी, दुर्ग के ऑडिटोरियम में आमंत्रित किया गया है। जहां दीक्षांत समारोह के आरंभ से लेकर अंत तक सम्पूर्ण प्रक्रिया का रिहर्सल किया जायेगा।

### तेज आंधी ने बिगड़ा शहर का मौसम, पंडित प्रदीप मिश्रा का विशाल पंडाल भी उड़ा

**भिलाई।** शनिवार शाम को भिलाई का मौसम अचानक बिगड़ गया। तेज और धूल भरी आंधी चलने से कई पेड़ के डंगाल गिरे और कही छप्पर उड़ गए। इस दौरान जयंती स्टेडियम परिसर में बना पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम का पंडाल भी तहस नहस हो गया। आंधी व तेज हवा के कारण पंडाल के परदे आदि उड़ने लगे। इस दौरान आयोजक देखते रहे। कुछ देर की आंधी के बाद बारिश ने ताममान में लगभग 10 डिग्री की गिरावट ला दी। बता दें मौसम विभाग ने पहले ही अनुमान लगाया था कि आज शाम को प्रदेश के कई हिस्सों मे आंधी व बारिश होगी। सुबह से तेज धूप निकली और शाम होते होते मौसम बदल गया। भिलाई में शाम को चली आंधी के कारण पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम का पंडाल तहस नहस हो गया। आंधी कुछ देर और रहती तो और भी ज्यादा नुकसान हो सकता था। इधर तेज बारिश के कारण शाम को कई क्षेत्रों की बिजली भी गुल हो गई। इस दौरान लगभग से दो घंटे बिजली सप्लाई प्रभावित रही।

### पोटिया कला, गणपति विहार व सरस्वती नगर के मोर मकान मोर आस आवासो का आबंटन जल्द

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन की सवेदनशील योजना मोर मकान मोर आस इस योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों को मात्र 3.50 लाख लगभग में 10.00 लाख बाजार मूल्य के लागत वाले बेहतर लोकेशन पर सर्वसुविधा युक्त, स्वच्छ वातावरण में आवास प्रदान करने हेतु इस महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसको लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने मौजूद अधिकारियों को मोर मकान मोर आस किरायेदार क्षेणी के पोटिया कला गणपति विहार व सरस्वती नगर के आवासों को तीन माह के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। शेष बचे कार्यो को जल्द करवाने को कहा गया।उन्होंने कहा कि किरायदारों के लिए बेहद सुनहरा अवसर है प्रधानमंत्री आवास कार्यलय डाटा सेंटर में जाकर 100 रुपये भुगतान कर आवेदन प्राप्त कर अपना खुद का आशियाना बनाए। उन्होंने कहा आवेदक आबंटन हेतु आवास कार्यालय पहुँचकर अपना शुल्क जल्द पटाए।

# सीए को हमेशा लीडिंग इंडीकेटर की तरह होना चाहिए - अर्निबान दास गुप्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई सीए ब्रांच की प्रोफेशनल डेव्लपमेंट कमेटी द्वारा आज सीए नेशनल कांफ्रेंस अचीव-2023का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। रायपुर एवं बिलासपुर सीए ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज श्री अनिर्बान दासगुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ईडी फायनेंस डॉ. अशोक पण्डा शामिल हुए। वहीं वक्ता के रूप में सीए डॉ. गिरीश आहूजा (दिल्ली), सीए पंकज शाह (इंदौर), सीए रूचि गुप्ता (जयपुर) शामिल हुए।




कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने उपस्थितजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूशन के सभी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रैक्टिस में रिफार्म कर एक प्रोफेशनल और स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा सीएम को हमेशा आगे बढ़कर लीडिंग इंडीगेटर की तरह काम करना चाहिए न की पीछे रहकर। साथ ही नॉलेज, लर्निंग और नेटवर्किंग के साथ काम करना चाहिए। आज भारत एडवांस अर्थव्यवस्था के साथ विकसित हो रहा है और हमें अभी से बहुत सी समस्याओं के निराकरण के प्रयास प्रारंभ कर देने चाहिये तभी व्यापार में वैल्यू मिल सकेगी।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए डॉ. गिरीश आहूजा ने स्थिर प्रतिफल-अस्थिर दुनिया पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अब समय बदल गया है। समय के साथ-साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को ही नहीं, टैक्स पेयर्स को भी बदलना होगा। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में करदाता से अधिक जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पास है। करदाताओं को यह बात समझना होगा, सभी नये प्रावधान आयकर को और अधिक पारदर्शी बना रहे हैं। डॉ आहूजा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अब नये क्षेत्र में अपनी सेवा के अवसर ढूंढने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि देश अब बदल रहा है, इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका और बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सीए को नयी टेक्नोलॉजी के साथ अपडेट होना होगा। सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के उपाध्यक्ष सीए किशोर बरड़िया ने कहा कि आईसीएआई करियर काउंसिलिंग के अंतर्गत हमें राज्य स्तर पर 5000 स्कूलों में जाकर करियर काउंसिलिंग करना है जिससे बच्चों को उनके व्यक्तित्व और भविष्य में करियर के बारे में मार्गदर्शन मिल सके। आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए हम सभी को पहल करना आवश्यक है। सीए अभय छाजेड़ ने इस आयोजन के लिए भिलाई, रायपुर एवं बिलासपुर टीम को बधाई दी। उन्होंने वरिष्ठ सीए गिरिश आहूजा के अनुभव को सराहना की। उन्होंने जी-20 के भारत विजन, वन अर्थ -वन फैमिली -वन फ्यूचर पर अपनी बात रखी। साथ ही सरकार द्वारा ग्रीन एनर्जी पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारे दैनिक जीवन के बहुत ही अच्छा और सबसे सस्ता उर्जा विकल्प है। कार्यक्रम में सीए पंकज शाह ने दिवालियापन, मूल्यांकन, लेखा और कानून पर अपनी बात रखी, साथ ही व्यापार पुनर्गठन के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। इसी क्रम में सीए रूचि गुप्ता ने श्रम कानून से मिलने वाले फायदें और उनको नियमों के बारे में जानकारी दी।

**ऑटोमेशन की दुनिया में अपने आप को तैयार करें: अशोक पंडा :** बीएसपी ईडी फायनेंस अशोक पंडा ने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ा चैलेंज डिजिटल वर्ल्ड है। हमें इस चुनौती का सामना कर आगे बढ़ना होगा, नए नियम, नए कानून और नए वर्क स्कील्स को सीखना हमारे लिए जरूरी हो गया है।

महिला ब्राम्हण समाज द्वारा

# वाटर कूलिंग प्याऊ का विधायक व महापौर के हाथों से हुआ शुभारंभः



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राजेन्द्र पार्क के सामने जल संसाधन विभाग के निकट में निःशुल्क पेयजल केंद्र का शुभारंभ विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा और महिला ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी के मौजूदगी में फीता काटकर किया। विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भीषण गर्मी में सभी को शुद्ध व शीतल पेयजल की आवश्यकता है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा शुद्ध पेयजल के लिए राहगीरों को इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके लिए यह पेयजल केंद्र वरदान शाबित होगा। गर्मी के मौसम में वाटर कूलिंग मशीन प्याऊ खुल जाने से लोगों को शुद्ध ठंडा पेयजल का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम आयोजक महिला छत्तीसगढ़ सरयूपारीण, महिला ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी ने कहा कि अक्षय तृतीया पावन पर्व के दिन शुभारंभ किया गया है।समाज द्वारा राहगीरों को विगत कई वर्षो से पानी पिलाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था कराई गयी है।शुभारंभ के दौरान विधायक श्री वोरा ने कहा कि इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और कहाँ की लोगो को इस भीषण गर्मी में लोगो को ठंडा और स्वच्छ पानी पीने का मिलेगा।

# देहदानी ठक्कर परिवार के सदस्यों का प्रनाम द्वारा सम्मान किया गया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हुडको, एलआईजी- 209 के ठक्कर परिवार के तीन सदस्यों द्वारा एकसाथ देहदान किए जाने पर संस्था प्रनाम द्वारा उनका सम्मान किया गया। देहदान करने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत श्रमिक नेता रमणिकलाल ठक्कर,उनके बड़े भाई लवजी भाई ठक्कर और भाभी कांता बेन ठक्कर ने प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से देहदान का संकल्प पत्र जारी किया था। उनके द्वारा मरणोपरांत अपना मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु दान करने के संकल्प लेने की अनुकरणीय पहल की गई।

देहदान की इस नेक पहल के पश्चात प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी द्वारा देहदानियों के घर जाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान उनके पुत्र भावेश कुमार ठक्कर, कुसुम ठक्कर एवं रितिका ठक्कर ने भी सहभागिता प्रदान की।

# सेंट थॉमस महाविद्यालय में सेबी द्वारा प्रतिभूति बाजार अध्ययन पर कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा, भिलाई के प्रबंधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान सेबी के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभूति बाजार अध्ययन पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सेबी से डॉ प्रिया अग्रवाल थी।



सर्वप्रथम प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुसन आर अब्राहम ने डॉ प्रिया अग्रवाल का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यकम की सराहना की। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र विभिन्न प्रकार के विनियोगों की जानकारी के साथ ही इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ प्रिया अग्रवाल ने मुख्य रूप से आज के समय में विनियोग एवं बचत की महत्ता का वर्णन करते हुए वित्तीय विनियोग में अवसर, प्रायमरी एवं सेकेंडरी मार्किट का अध्ययन, म्यूचल फंड्स, विनियोग के दौरान सतर्कता एवं प्रतिभूति बाजार में विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार समझाया। सभी छात्रों ने पुरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा मुख्य वक्ता डॉ प्रिया अग्रवाल से अपनी शंकाओं को हल करने में सहायता प्राप्त की।

कार्यक्रम के अंत में सेबी द्वारा ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को एनआईएसएम की और से प्रमाण पत्र भी दिया गया।

नियमितीकरण नही कराने वालों पर दुर्ग नगर निगम हुआ सख्त

# अवैध निर्माण पर कार्यवाही तेज, नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर गिरेगी गाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगमअनाधिकृत विकास और अवैध निर्माण का नियमितीकरण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रक्रिया को सरलीकृत करते हुए प्रदेश की जनता को सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत् भूस्वामी को 120 वर्गमीटर भूखंड वाले क्षेत्रफल पर आवासीय निर्माण का निःशुल्क नियमितीकरण कर मध्यम वर्ग के लोगों को राहत प्रदान किया जा रहा है।

वहीं 120 वर्गमीटर से अधिक आवास एवं आवास सह-व्यवसाय के रूप में निर्मित भवन का भी सरलीकृत तरिके से शुल्क लगाकर नियमितीकरण किया जा रहा है। नगर निगम दुर्ग में अवैध निर्माण का नियमितीकरण नही कराने वालों पर सख्ती से कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। आवासीय क्षेत्रों में निर्मित दुकानों एवं बिना अनुमति के निर्माण पर नोटिस करने एवं तालाबंदी करने की कार्यवाही तेज हो गई है। अबतक कुल 10000 लोगों को नोटिस दिया जा चुका है तथा 15 से 20 दुकानों में तालाबंदी की जा चुकी है, नगर निगम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में नियमितीकरण शिविर भी लगाया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन नियमितीकरण हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों में वृद्धि हुई है।आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने लोगो से अपील करते हुए कहा है, कि शासन की इस बहुमूल्य योजना का लाभ लेते हुए अपने निर्माण को वैध करायें, जिससे उस संपत्ति के मूल्य में इजाफा होगा तथा अवैध निर्माण के डर भय से मुक्ति मिलेगी।नियमितीकरण हेतु आपके निकटतम पंजीकृत वास्तुविद से संपर्क कर आवेदन नगर निगम के भवन शाखा डाटा सेंटर में जमा कर सकते है। नियमितीकरण हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम अवधि 13 जुलाई 2023 है । विस्तृत जानकारी हेतु पंजीकृत वास्तुविद के अलावा नगर निगम के सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान मो.नं. 7746015450, भवन निरीक्षक विनोद मांझी .मो.नं. 9589081099 पुरूषोत्तम साहू, सहा0 ग्रेड -03, (9575747680) से संपर्क कर सकते।



# विश्व पृथ्वी दिवस का संदेश... पृथ्वी बचाना है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष कुदरत दे रहे है विशेष बार-बार चेतावनी अब भी नहीं समझे तो हमारा पृथ्वी ही एकमात्र घर है पृथ्वी दिवस 53 वर्ष 170 विश्व के देश विश्व पृथ्वी दिवस मना रहा है विश्व पृथ्वी दिवस का थीम हमारे ग्रह मी निवेश करे है सब का हिसाब हां किसी का जवाब दे है विश्व पृथ्वी दिवस स्लोगन के माध्यम से संदेश पृथ्वी को बचाना है जन जन का कहना है धरती को हरा भरा सुंदर रखना है मनुष्य जीवन तभी सुरक्षित है पृथ्वी फूलों में हंसती है सुंदर दिखती है पृथ्वी स्वर्ग से प्यारी है इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी हैं विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 2023 जीवन दयानी अमूल्य संपदा को संरक्षण प्रदान करना पर्यावरण प्रकृति प्रेमी समाज सेवी प्रशांत कुमार क्षीरसागर नई जानकारी दी अमूल्य संपदा को संरक्षण प्रदान करना इसके प्रति जागरूकता प्रचार प्रसार करना आज के युग में धरती संपदा का उपयोग बहुत तेजी से हो रहा है ग्लोबल वार्मिंग संपूर्ण पृथ्वी वासियों के लिए गंभीर समस्या बन गई अब हम सबको मिलकर पृथ्वी के वायुमंडल एवं वनस्पति को बचाना हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए ग्लोबल वार्मिंग के भविष्य में आने वाली परिणाम बहुत ही खतरनाक होंगे सन 1970 पृथ्वी दिवस की स्थापना हुई थी यह दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण होता है 22 अप्रैल को हर वर्ष पृथ्वी के आधे भाग पर वसंत रितु का मौसम रहता है आधार पर सर्दी का मौसम रहता है इसलिए यह दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है हम सब लोग एकजुट होकर पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ आवाज लड़ाई लड़ेंगे तब ही पृथ्वी को बचाया जा सकता है इस दिन हम सबको पर्यावरण प्रकृति प्रेमी प्रशांत कुमार क्षीरसागर सभी भारतीय विश्व के सभी प्रकृति पर्यावरण प्रेमियों से विनम्र आह्वान किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950